बाद उदयन होते हैं, अपनी किताब में कहते हैं वह तो जरज था, बूढ़ा और पुराना है, हम आधुनिक हैं, आधुनिक शब्द का आप प्रयोग करते हैं। मुकुंद की डिसकवरी है, उसको इतना आश्चर्य हुआ कि दसवीं शताब्दी के उदयन प्रसिद्ध दार्शनिक हैं, अपने को यह कहते हैं हम आधुनिक हैं। और उनके पहले जो जयंत हुए हैं कश्मीर में, वह कहते हैं यह जरज है। यह जो नएपन का आभास होता है, एक क्षितिज का, वह क्षितिज कभी खत्म नहीं होता। आप चलेंगे वह आगे चला जाएगा। यह जो चीज है यह कहाँ से आती है। यह आती है यहीं से कि यह अदृष्ट है, जो अभिव्यक्त है, जो असीम है, अनंत है वह अभिव्यक्त होती है, आपके माध्यम से निमित्त मात्रम् भव, निमित्त मात्र के कई अर्थ लिए गए हैं, एक अर्थ यह है कि उसको व्यक्त होने से रोकिए मत। बूढ़े-बुजुर्ग रोके तो उन्हें रोकने दीजिए। आप मत रुकिए। आप अभी जवान हैं। मैं तो अभी जवान हूँ।

प्रश्न : आपने सवाल उठाया संस्थाओं का, चिंतन परंपराओं के संदर्भ में। यह भी कहा कि आज वह संस्था है दिखाई नहीं देती। क्या यह संभव है उन संस्थाओं को पुनर्जीवित करना या पहले हम यह बताएँ कि वह संस्थाएँ कौन सी रहें जिससे कश्मीर में लिखनेवाले जो कवि, या साहित्यकार या इतिहासकार हैं वह पूरे भारतवर्ष में फैल जाती रही है। यही एक महत्त्वपूर्ण बात मैं समझता हूँ अगर हमारी ऐसी जीवंत संस्थाएँ रहीं और उसके बाद यह पुरुषार्थ व्यक्त है,पुरुषार्थ व्यक्त करनेवाली बात है तो क्या इन संस्थाओं को आज के संदर्भ में पुनर्जीवित किया जा सकता है ? यह संभव है या नहीं है। बस इतना ही मेरा सवाल है।

डॉ. दयाकृष्ण : यह प्रश्न मूलभूत प्रश्न है। क्योंकि आज जो हमारा ढाँचा है, तंत्र है, वह 47 के बाद का तंत्र है, 1857 के बाद का तंत्र है। उस तंत्र ने हमको सारी पुरानी व्यवस्था से विचार से विच्छिन्न कर दिया है। इसका फायदा भी है लेकिन मूलभूत यह है आज हम यह मान बैठे हैं और यह पश्चिम का विचार है। आप देखिए, आज हमारी मानसिकता देखने की दृष्टि, सोचने की दृष्टि इतनी पश्चिम से प्रभावित है कि हम अपने से प्रश्न ही नहीं पूछते, शायद यह बिलकुल

गलत है। हालाँकि हमारा रोजमर्रा का अनुभव यह कहता है कि यह गलत है लेकिन हम मानते नहीं। क्योंकि मानें तो फिर इस सबको डकारना पड़ेगा। आप सोचिए कि वैलफेयर स्टेट का आदर्श क्या है। अगर मनुष्य का वैलफेयर स्टेट में निर्भर होने लगेगा तो फिर उसका कल्याण हो ही नहीं सकता। ठीक है राज्य का यह कार्य है, न समय है, राज्य और धर्म के बारे में, धर्म और नीति के भेदों के बारे में इतनी विस्तृत चर्चा हुई है, राज्य और समाज के संबंध क्या हैं, राज्य और अर्थव्यवस्था का संबंध क्या है, वणिक और ब्राह्मण का संबंध क्या है, वणिक और क्षत्रिय का संबंध क्या है, इन सबका आपसी संबंध क्या है ? इनका संतों से, संन्यासी से, सवर्ण लोगों से क्या संबंध है, इस पर बहुत चर्चा हुई है। लेकिन यह पुराने जमाने का था कि राजाश्रित होना कोई अच्छी बात नहीं है। जो आश्रयदाता थे, फैले हुए, भिन्न-भिन्न थे, हर गाँव में हर आदमी अपना धर्म मानता था। अगर उसके पास साधन नहीं है तो उस सीमित साधन से वह कम-से-कम एक मेधावी बच्चे को पढ़ाए, किसी एक लड़की की शादी करे, कुछ करे, किसी की सहायता करे। इसीलिए आपके गाँव में आप सोच नहीं सकते। मैं मिसाल दी थी मिथिला में और बंगाल में 500 साल से ज्यादा तक नवन्याय का विचार पढ़ा। 40 साल के बीच में हमने अपने लोगों का पढ़ना छोड़ दिया है, आश्चर्यचकित होना छोड़ दिया है, 40 साल के व्यवधान में बंगाल में इतने बड़े न्यायिक पैदा हुए हैं जिनका सेंचुरी तक प्रभाव रहा, अब तक है। जगदीश है, मथुरा नाथ हैं गधाधर है 40 साल के बीच!...लेकिन आपको उनका नाम पता नहीं है। आपसे अगर मैं पूछूँ उन्होंने क्या किया था, आपको पता नहीं है। मुसीबत तो हम लोगों की यह है आज हम अपने देश में अज्ञानी बैठे हुए हैं। एक व्यक्ति का आप नाम नहीं ले सकते या कह सकते हैं कि इसका यह कंटरीब्यूशन है। हमने, इस अज्ञान की सीमा नहीं है और उस पर यह है कि हम वास्तव में जानते हैं, एरोगेंस ऑफ इगनोरेंस हैज नेवर बीन सो ग्रेट एज नाऊ। जानने का दम भरते हैं, दावा करते हैं, जानते कुछ नहीं हैं। एक एक्सपेरीमेंट कीजिए। यहाँ सब पढ़े-लिखे लोग बैठे हैं, विद्वान लोग बैठे हैं, आप एक कोश्चनीयर दीजिए।

आप हमें दस नाम बताइए आरीजनल इंडियन थिंकर्स के और यह बताइए कि उन्होंने किस चीज में आरीजनलिटी की है। आप पाएँगे कि चंद लोग बता सकें। जब यह अवस्था हो तब आपका प्रश्न यह होगा कि यह हो सकता है या नहीं हो सकता। होगा जरूर, कैसे होगा, यह कहना मुश्किल है। क्यों, जो संस्कृति और सभ्यता तीन हजार साल तक चल सकी वह अब भी चलेगी। अरे सौ साल नहीं चलेगी तो फिर चलेगी। हमारा यह जो लेक्चर है यह उस चलने की निशानी है, लौटने की।

प्रश्न : एक सवाल पूछना चाहता हूँ। यह जो अज्ञानता आपने कही, इतनी बड़ी परंपरा की यह अज्ञानता क्यों है?

डॉ. दयाकृष्ण : इसका जवाब तो सीधा-सादा है कि 1857 में अंग्रेजी युनिवर्सिटी बनी। उनमें आपके यहाँ एक एपरटाइट पैदा किया गया। आप साउथ अफ्रीका के एपरटाइट की बात करते हैं। क्या एपरटाइट हुआ, संस्कृत के साथ यह नहीं हुआ, अरेबिक परशियन के साथ भी हुआ और उसके विद्वानों को अलग कर दिया गया, आपको एक तरह का ज्ञान दिया गया, युनिवर्सिटियों में, कॉलेजों में, जिसमें यह पढ़ाया गया कि सारे ज्ञान का मूल स्रोत पश्चिम में है। अगर मैं भी वैसे ही पढ़ा हूँ, मगर आप बनते कैसे हैं, भगवान के यहाँ से तो बनकर नहीं आता। आप इससे संस्कृत होते हैं। हमारे यहाँ संस्कृत का मतलब होता है संस्कृत होना। संस्कृत कैसे होते हैं—पठन-पाठन से होते हैं, संस्कार से होते हैं। यह पठन-पाठन संस्कार आपको यह बताता है। आप देखिए, आपके यहाँ समाजशास्त्र पढ़ाया जाता है, समाजशास्त्र के जन्मदाता रेबर मार्क्स बताए जाते हैं। या आपके यहाँ पालिटिकल साइंस पढ़ाई जाती है, उसके जन्मदाता प्लेटो के रिपब्लिक हैं। आपके यहाँ कोई चिंतन नहीं हुआ है। आपके यहाँ जितना समाज में चिंतन हो रहा है लेकिन उसको बताया ही नहीं जाता।

प्रश्न : मेरा सवाल यह है हमने यह स्वीकार क्यों किया? अगर इतनी बड़ी परंपरा रही जो आप कहते हैं हमने इस प्रकार की पढ़ाई स्वीकार क्यों की? हम कहाँ थे, जितने लोग आप बताते हैं बड़े-बड़े, दिग्गज, वह कहाँ-कहाँ रह गए?

डॉ. दयाकृष्ण : इसका सीधा जवाब यह है जो राज्य करता है उससे सब प्रभावित होते हैं। जब आपके यहाँ मुगलराज था या इस्लामी राज था जो अरेबिक-परशियन पढ़ाई जाती थी। लोग गर्व समझते थे कि हम परशियन बोल सकते हैं, लिख सकते हैं। आप सोचिए 50 साल पहले तक आपके यहाँ उर्दू-परशियन के स्कॉलर होते थे, अरेबिक के होते थे, अब कितने हैं? जब अंग्रेजी आए तो उसके साथ भी बहुत कुछ आया। अरेबिक-परशियन के साथ भी आया था। अरेबिक साइंस आई थी तो वह भाषा सीखी जाती है। लेकिन जब विचित्रता नहीं हुई थी। ऐसा नहीं हुआ था कि पहले भी लोग अंग्रेजी भी जानते थे लेकिन संस्कृत वगैरह भी जानते थे, पढ़ते थे। अब जो नई पीढ़ी है उसमें यह है अंग्रेजी जानते हैं और वह नहीं जानते। हिंदी के लोग नहीं जानते संस्कृत। आप सोचिए कि आप परंपरा की बात करते हैं। जिस देश का सारा ज्ञान-विज्ञान जो भी है वह जिस भाषा में है इसका आपको पता नहीं है, फिर आप कैसे उससे संबंधित होंगे। कुछ भाव जगत में होते हैं। मैंने भाव जगत की चर्चा ज्यादा नहीं की। कल थोड़ी-बहुत करूँगा।

इसका जवाब मैं कैसे दे सकता हूँ। इसका जवाब तो कोई हो ही नहीं सकता। इतिहास में दे सकते हैं, संस्थाओं में दे सकते हैं, पढ़ने-लिखने में दे सकते हैं, सोशलाइजेशन में दे सकते हैं। दूसरा इसका और पक्ष है उसको भुला नहीं देना चाहिए। आज के संसार में जो शक्ति और अर्थ का खेल है उसमें आधुनिक ज्ञान होना चाहिए। देखिए, मैं यह नहीं कह रहा हूँ, मुझे गलत मत समझिए। आज का जो जगत है उसमें अगर आपके राष्ट्र को जीना है तो उसको वह ज्ञान जरूर होना चाहिए जो ज्ञान पश्चिम के पास है। देखिए, पश्चिम उस ज्ञान को अपने पास रखना चाहता है। एक तरफ तो यह कहता है ज्ञान जो है वह कोई प्राइवेट चीज नहीं होती, कोई सीकरेट चीज नहीं होती, ज्ञान में बढ़ोतरी तभी होती है जब सब मिलकर उसको ले जाएँ। दूसरी तरफ वह ज्ञान जो शक्ति का स्रोत है उसको वह किसी को नहीं देना चाहते। क्यों नहीं देना चाहते? ज्ञान होता है, जिससे अपार शक्ति मिलती है वह आप दूसरों को देना नहीं चाहते। और भी स्रोत हैं। आप

देखिए अगर आप आज की अर्थव्यवस्था लेते हैं, मोटर होगी, स्कूटर होगा तो पेट्रोल चाहिए, पेट्रोल आपको मँगाना पड़ेगा उसके लिए डॉलर देने होंगे। तो आज की अर्थ-व्यवस्था भी आप समझिए। इसके लिए जो ज्ञान है वह ज्ञान है। लेकिन जो ज्ञान, अपने आप भेद किया गया है, एक ज्ञान वह होता है जो शक्ति देता है, एक ज्ञान वह होता है जो धन देता है, एक ज्ञान वह होता जो मुक्ति देता है, जो स्वातंत्र्य देता है, आत्मविश्वास देता है, स्वावलंबन देता है। अब दोनों ज्ञानों में क्या संबंध है? आप पीछे लौटिए। अर्थशास्त्र, राज्यशास्त्र के जो ग्रंथ हैं, समाजशास्त्र के, व्यवहार शास्त्र के उनमें जो मोक्ष शास्त्र के ग्रंथ हैं उनमें क्या संबंध है। उनमें यह संबंध की चर्चा की गई है और ऐसा नहीं है वे लोग भी परेशान नहीं थे, वे लोग भी परेशान थे। क्योंकि अर्थ एक ओर ले जाता है, काम दूसरी ओर ले जाता है और धर्म तीसरी ओर ले जाता है और नीति चौथी चीज होती है। इनमें आपस में क्या संबंध हैं। अब देखिए मुकुंद लाट की मैंने बात की है। उन्होंने उन्मूलन में धर्म संकट पर कम-से-कम 6 या 8 लेख लिखे हैं। आप पढ़िए उन्हें। महाभारत से बड़ा ग्रंथ कौन हो सकता है धर्म संकट का। हर स्थान पर, पग-पग पर, कदम-कदम पर धर्म संकट है और स्वयं कृष्ण उससे निपट नहीं सकते।

समाप्त

अध्यक्ष : कल शाम को 6 बजे दूसरा लेक्चर दयाकृष्ण जी का होगा।

भारतीय चिंतन परंपराएँ : नए आयाम, नई दिशाएँ

[10.12.1997]

सुश्री इला : वात्स्यायन जी की एक कविता है :

नीचे हर शिखर पर देवल,
ऊपर निराकार तुम केवल।

नंदा देवी शृंखला में से यह कविता है। इसको कहकर आप सब का स्वागत करती हूँ। डॉ. विद्यानिवास मिश्र से अनुरोध करती हूँ कि वह अध्यक्ष का पद सँभालें और डॉ. दयाकृष्ण जी से अनुरोध करती हूँ—नीचे हर शिखर पर देवल, ऊपर निराकार तुम केवल। अनुरोध है डॉ. दयाकृष्ण जी के भाषण में आप लोग भाग लेकर के हम लोगों की खुशियाँ बढ़ाएँ।

कल एक छोटी सी विचार गोष्ठी रखी है जिसमें इन दो दिनों के भाषणों को लेकर चर्चा आप लोगों के मन में आई या कुछ बातें आईं वह आप उसमें उठा सकते हैं। आप लोगों के सहयोग से वह शुरू होगी और उसमें इसी विषय पर चर्चा होगी कल 11 बजे, यहाँ पर साहित्य अकादेमी में इसी हॉल में।

डॉ. विद्यानिवास मिश्र : मैं डॉ. दयाकृष्ण जी से अनुरोध करूँगा कि वह द्वितीय व्याख्यान प्रारंभ करें।

डॉ. दयाकृष्ण : कल जिन बातों की हमने चर्चा की थी उनके खुद अनेक आयाम हैं। उनमें किसको लेकर आगे बढ़ाया जाए यह मेरे लिए भी

समस्या है और शायद आपके लिए भी।

एक बात अभी वात्स्यायन जी की दो लाइनें इला जी ने पढ़ी। उसका कुछ गहरा संबंध उस बात से है जो हम कह रहे थे। वास्तव में कोई निराकार है और हर शिखर पर देवल है। देवल का क्या अर्थ है? देवल एक प्रतीक है उस पुरुषार्थ का, उस आदर्श का, मनुष्य जिसकी साधना करता है। अनेक आदर्शों की साधना करता है। कल हमने यह भी कहा था कि हम अपने को मध्य में पाते हैं, हर मनुष्य का हर आयाम जब वह पीछे की ओर देखता है तो एक अनंत शृंखला से बँध अपने को पाता है। यह जो अनंतता है पीछे की और इतना ही आगे की है और हम एक बीच की कड़ी हैं। एक अन्य प्रसंग में गीता में कहा है कि—अव्यक्त दीना भूतानि, व्यक्त मध्यानी भारतः, अव्यक्त नेराण्य नवेम। अव्यक्त और व्यक्त के बीच का जो संबंध है, आदृष्ट और दृष्ट के बीच का जो संबंध है, नित्य और अनित्य के बीच का जो संबंध है वह भारतीय चिंतन परंपरा के मूल में रहे हैं। अब यह जो परंपरा है इसके बारे में हमने दो बातें कही थीं कि परंपरा एक नहीं है अनेक हैं। दूसरी बात यह कही थी कि परंपरा का अर्थ ही यह होता है कि आपने कुछ पाया है, उसके प्रति एक आपकी दृष्टि होती है। आप उसमें कुछ परिष्कार करते हैं, कुछ जोड़ते हैं, कुछ घटाते हैं फिर यह किसी को दे देते हैं। यह स्वयं एक परंपरा का अंग बन जाती है तो कल का भाषण एक निमंत्रण था आपको, यह जो हमारी परंपराएँ हैं, समृद्ध हैं, उनसे आप कुछ जुड़िए। भाषा की चर्चा थी, कुछ अर्थ की, अनंत की वाक् की बात की थी। एक अनंत और होती है जिससे पश्चिम जुड़ा था। जुड़ते सब अनंत से हैं क्योंकि सार्थकता वहीं से आती है लेकिन किस अनंत से आप जुड़ते हैं यह एक संस्कृति का चयन होता है, कैसे होता है इसका पता नहीं है। लेकिन हमें मिला है, किसी ने यह चुना था, क्योंकि चुना था इसका कोई उत्तर नहीं है। पश्चिम ने संख्या की अनंता को चुना था। देखिए, गणित पर विचार कीजिए—एक-दो-तीन-चार, कभी-कभी खत्म नहीं होता। पश्चिम ने जब यह देखा तो पश्चिम का दो-ढ़ाई हजार साल का इतिहास जो है वह गणित तथा ज्यामिती के चारों ओर घूमता

है। शुद्ध बुद्धि स्वरूप को देखता है। शुद्ध बुद्धि के स्वरूप को उसमें पाता है। उसकी कहानी तो मैं नहीं कहूँगा आज, लेकिन इशारा जरूर करना चाहूँगा। उस अनंतता की ओर जो शुद्ध बुद्धि गणित में पाती है और दूसरी अनंतता जो भाषा के अर्थ में पाती है। अर्थ की चर्चा हमने कल की थी आज बुद्धि के स्वरूप पर थोड़ा और विचार करेंगे और फिर कर्म और भाव जगत की सृष्टि पर। हमारा भाव बोध क्या है, हमारा कर्म बोध क्या है। हमारा प्रश्न और हमारी समस्याएँ क्या हैं उनकी कुछ चर्चा आपके सामने करूँगा।

देखिए, बुद्धि का लक्षण क्या है? लक्षण बनाना कोई आसान बात नहीं होती है। हमारे यहाँ लक्षण व्यापार न्याय का बुद्ध एक सतत व्यापार रहा है जिसमें हमेशा अव्याप्त दोष, अतिव्याप्त दोष उत्पन्न होते रहे हैं। लेकिन बुद्धि का एक लक्षण जरूर है। वह लक्षण यह है कि बुद्धि हमेशा प्रश्न ही नहीं पूछती बल्कि अपने से यह भी पूछती है कि यह जो मैं सत्य मान रही हूँ यह वास्तव में सत्य है या नहीं। इसका प्रतिपक्ष क्या है, इसका पूर्वपक्ष क्या है। जो बात कही जा रही है उसके विरोध में तर्क क्या दिए जा सकते हैं। क्या ऐसे तथ्य हैं जो मैं कह रहा हूँ उसको विसंगत करते हैं। यह अपने आपसे प्रश्न पूछना, बुद्धि का ऊहा-पोह हमारे यहाँ कहा गया है, विज से कहा गया है यह लक्षण है। आप देखिए, आज हमारे यहाँ एक धारणा है, आज के हर पढ़े-लिखे आदमी में कि पश्चिम बुद्धि का केंद्र है। अगर मैं यह कहूँ कि ऐसा नहीं है तो आपको आश्चर्य होगा। आप सोचेंगे यह पागल हो गए हैं, लेकिन नहीं, अगर आप हमारे ग्रंथों को देखिए तो इसमें वह बुद्धि का स्वरूप है, यह परिलक्षित होता है प्रत्यक्ष रूप में। कोई भी व्यक्ति जो सिद्धांत की स्थापना करता है वह पहले यों कहता है मैं किस चीज की स्थापना करना चाहता हूँ। फिर उसके लिए तर्क देता है कि आधार क्या है। फिर कहता है इस आधार का पूर्वपक्ष क्या है, फिर उस पूर्वपक्ष का खंडन करता है फिर सिद्धांत की स्थापना करता है, यही नहीं, वह इसके आगे भी जाता है। वह पूर्वपक्ष की जो बातें करता है, एक पूर्वपक्ष नहीं अनेक पूर्वपक्ष और कुछ लोग तो आपको आश्चर्य होगा पूर्वपक्ष के भी पूर्वपक्ष बनाते हैं और फिर उनका खंडन करके

पूर्वपक्ष को और मजबूत करते हैं, तब उसका खंडन करते हैं। क्या कोई भी ऐसा दार्शनिक ग्रंथ है पश्चिमी परंपरा में जो इस तरह लिखा जाता है ? और फिर आप और हम सब लोग यह मान बैठे हैं कि भारत में भारतीय परंपरा में कोई बौद्धिक परंपरा नहीं है। यहाँ के ग्रंथ ही इस प्रकार लिखे गए हैं। अब अगर आप सोचिए तो यह जो परंपरा है बुद्धि की, इसी के संदर्भ में मैंने कल अपना भाषण प्रारंभ किया था कि— एको न: ऋषियश वच: प्रमाणाम्। कोई ऋषि ऐसा नहीं है जिसका वचन प्रामाण्य है, स्वत: प्रामाण्य है क्योंकि बुद्धि तो सदैव प्रश्न करती है, अपने से भी करती है दूसरे से भी करती है। इसका मतलब यह नहीं है कि वह संशय-ग्रस्त है, संशय को निवारण करना चाहती है। अगर संशय नहीं है तो बुद्धि का कार्य पूरा हो ही नहीं सकता इसीलिए आप सोचिए, न्यायसूत्र में प्रमाण प्रमय संशय, तीसरी चीज कि संशय के बगैर आपकी जो विचारधारा है वह चलती ही नहीं है। संशय का निवारण करती है और फिर नया संशय उत्पन्न होता है और वास्तव में अगर आप परंपरा को जानना चाहते हैं तो वह उन संशयों की परंपरा है जिनका उत्तर ढूँढ़ने की कोशिश की गई है। हम इस प्रकार क्यों नहीं रखते। केवल सिद्धांत की परंपरा नहीं है, संशय की परंपरा है क्योंकि संशय का निवारण करके ही सिद्धांत की पुष्टि की जाती है।

अब थोड़ा बुद्धि के कुछ आयाम, भाव जगत के आयाम और कर्म पर चिंतन जो इस देश में हुआ है उसको मैं थोड़ा आगे बढ़ाने की कोशिश करूँगा। दिखाऊँगा आपको, वास्तव में वह परंपरा ही समृद्ध नहीं है बल्कि हम उसमें बहुत कुछ कर सकते हैं। कहाँ से ले ? कल मैंने कहा था कि अर्थ के बारे में जो चिंतन है वह एक अजीब समस्या उत्पन्न करता है। क्योंकि शब्द जो है वह वर्ण से बनता है, वर्ण किसी और चीज से बनता है और यह जो बनना है यह किसी एक अर्थ को अभिव्यक्त करता है। वह अर्थ जो अभिव्यक्त होता है वह एक है लेकिन अनेक के द्वारा अभिव्यक्त होता है। एक और अनेक का यह संबंध, भेद और अभेद का संबंध भारतीय चिंतन परंपरा के मूल में रहा है। लेकिन चिंतन की विधि चिंतन के विषय होते हैं लेकिन चिंतन की विधाएँ होती हैं और थोड़ी विधाओं की बात करें। आप देखिए,

बुद्धि का मैंने कहा कि एक लक्षण है संशय और प्रश्न उठाना, उसका निवारण करना, पूर्वपक्ष स्थापित करना। लेकिन बुद्धि अपने कार्य में प्रवृत्त कैसे होती है चाहे वह किसी विषय पर चिंतन करे, चिंतन की प्रक्रिया क्या होती है ? हमारे यहाँ एक जिसको कहते हैं बुद्धि का, एक विधा किसी भी विषय को समझने के लिए होती है कि उसके जो अवयव हैं उस अभिव्यक्ति के अवयवों से यह अवयवी बना है। यह जो अवयव को ढूँढ़ने की बात है वह अंतिम मात्रिकाएँ क्या हैं जिन मात्रिकाओं के संबंध से यह बनता है। मात्रिका की बात बहुत पहले नृत्य के संबंध में, संगीत के संबंध में उठी है। यह बात मुकुंद ने कई बार स्पष्ट रूप से कही है कि इस पर ध्यान नहीं दिया गया। मैंने सोचा था कि अगर मैं आपसे कहूँ कि जयपुर में एक ऋषि रहते हैं जो मुकुंद नाम से प्रसिद्ध हैं तो मुझे लगा कि आपको अचंभा होगा। आप कहेंगे यह क्या बकवास कर रहे हैं। अरे, आजकल तो ऋषि होते नहीं हैं और मुकुंद तो ऋषि है ही नहीं, लेकिन वास्तव में आज भी ऋषि हैं, खाली मुकुंद ही नहीं है, उनके नाम अनेक हैं, विद्यानिवास जी बैठे हैं, पांडे जी बैठे हैं। यह सब कौन-कौन हैं, यह सब ऋषि हैं और पुराने जमाने के ऋषि कई तरह के थोड़े ही होते थे। जो विचारक हैं, जो चिंतक हैं, जो कुछ कहता है उसकी बात आप सुनते नहीं हैं। आप देखिए, मात्रिका से अगर कभी आप देखें कि हमारे यहाँ नृत्य को कैसे समझा गया है तो एक-एक आपके शरीर का जो अंग है उसमें गति किस प्रकार की हो सकती है, चलन हो सकता है, उसको जिस प्रकार से विश्लेषण करके देखा गया है आपको आश्चर्य होगा। आपकी भोंहें हैं, आपके होंठ हैं, आपका चिबुक है, आपके कान हैं। कोई ऐसा अंग नहीं है जिसके बारे में यह नहीं देखा गया कि इसकी कितने प्रकार से गति हो सकती है। यह सब उसकी मात्रिकाएँ हैं और मात्रिकाओं से अंगाहार बनता है। जब नृत्य होता है तो नृत्य क्या होता है ? उन्हीं मात्रिकाओं से जो नर्तकी है या नर्तक है वह एक अंगाहार बनाता है तो विश्लेषण की यह पद्धति कि कोई भी चीज है उसकी कितनी मात्रिकाएँ बन सकती हैं, उसके अवयव कितने हैं ? उन अवयवों के फिर हैं और फिर उन अवयवों के कितने हैं, हम कहाँ पहुँचकर रुकते

हैं और फिर उनके संबंध से जो चीजें बनती हैं और फिर आपके सामने एक जिसको कहते हैं एक जगत खुलता है। वह जगत क्या है? वह कर्तृत्व का है कि इन मात्रिकाओं को कितने प्रकार से अंगाहार में बनाया जा सकता है। ऐसा कहा जाता है कि जब शिव ने नृत्य किया, तांडव ने उनका नृत्य देखा तो उन्होंने उनके नृत्य को मात्रिकाओं में विश्लेषित करके फिर उनसे जो अंगाहार वह बनाते थे उनकी चर्चा की। लेकिन बाद में उन्होंने यह देखा कि शिव तो कुछ ही नृत्य नाचते थे, उन मात्रिकाओं से अनेक नए नृत्यों की रचना हो सकती थी। आप देखिए इसमें इस पद्धति में और उस पद्धति में जिसे हम वैज्ञानिक पद्धति कहते हैं जो डिकार्ड की बात करते हैं उसमें क्या अंतर है। मनुष्य की बुद्धि, मनुष्य की चेतना एक ही विधाएँ अपनाती हैं तो यह जो मात्रिका का और अंगाहार का संबंध है, अवयव और अवयवी का संबंध है, यह एक विधा है लेकिन यह जो अवयव-अवयवी का संबंध है इस पर बहुत चिंतन हुआ है और इस चिंतन के संबंध में बोधों ने कहा कि यह जो विश्लेषण है यह तो कहीं रुक नहीं सकता। धर्म कीर्तिका एक प्रसिद्ध श्लोक है। आप देखिए कितना सुंदर श्लोक है : यथा-यथा विचारयंते ऋषियंते। तथा-तथा, जैसे-जैसे बुद्धि विचार करती है, विश्लेषण करती है ऋषियंते सारा बिखर जाता है, कुछ नहीं रहता। हमको लगता है जो स्थूल है जिसको हम छू सकते हैं जैसे ही हम विचार करते हैं वह बिखरने लगता है और फिर अंत में शून्य में मिल जाता है तो यह एक परंपरा है, इसको छोड़िए कि बोधों ने क्या कहा। लेकिन ज्ञान की विधा, बुद्धि की विधा है। एक दूसरी विधा वह इसके बिलकुल उलटी है। वह अदृष्ट से चलती है। अरूप से चलती है। वह निराकार से चलती है। वह उससे चलती है जो सब में व्याप्त है, वह विश्लेषित नहीं करती। वह देखती है कि जो कुछ है हमारे सामने वह किसमें व्यवस्थित है, किसमें स्थित है, किससे उसमें प्राण का संचार हो रहा है। यह एक भिन्न विधा है। यह जो दो विधाएँ हैं हमारी बुद्धि की, हमारे चिंतन परंपराओं में वह साथ-साथ चली हैं। कोई भी शास्त्र लेंगे उसमें दोनों अंग रहते हैं एक साथ, एक तरफ वही, एक तरफ विश्लेषण हो रहा है दूसरी तरफ प्रयोजन

की बात हो रही है। एक तरफ हम कह रहे हैं इससे कस निश्रेयस की सिद्धि होती है। हमने कल बात कही थी। हर विधा का अपना निश्रेयस होता है और उन निश्रेयस के आपसी संबंध की भी चर्चा की थी। तो यह जो दो पक्ष हैं बुद्धि के, ग्रीस में भी दो भेद किए गए थे। एक लोकोस का और एक नायोस का। लोकोस विश्लेषणात्मक बुद्धि का एक पक्ष है और जो नायूस है वह सब का एकीकरण करता है, समीकरण करता है। सबको एक साथ मिलाकर देखता है। अभी मैंने आपसे मात्रिकाएँ और अंगाहार की बात की। दूसरी तरफ मैंने इस तरफ इशारा किया बिलकुल इससे विरोधी दिखनेवाली चिंतन की विधा है जो पूर्ण को देखती है और उसके संदर्भ में जितने भी अवयव या अवयवी, जो भी दृष्ट हैं उसको देखने की कोशिश करती है और उससे संबंधित करती है। आप सोचिए यह चिंतन की विधा ने एक ऐसी समस्या को जन्म दिया जिसमें सारे पश्चिम की परंपरा में या तो विचार हुआ ही नहीं है या बहुत कम। वह विचार है अभाव का। जो भाव रूप है वह तो हमें दिखता है, हमारी पकड़ में आता है। हमारी इंद्रियों को ग्रहण होती है लेकिन अभाव रूप जो है उसको हम कैसे ग्रहण करें, जो है नहीं। जो है नहीं तो उसकी बात क्यों करते हैं। लेकिन वह जो है नहीं, देखिए जो बुद्धि है उसमें एक पक्ष है वह नकारती है, वह प्रश्न करती है वह यह नहीं करती ऐसा क्यों है। वह यह पूछती है ऐसा क्यों नहीं है। यह जो नहीं है हमको अनेक दिशाओं में ले जाता है। एक दिशा इसकी है आदर्श की। जो है वह वैसा नहीं है जैसा उसे होना चाहिए। अभी यह है और चाहिए का भेद एक अजीब भेद है। यह चाहिए और है का भेद कैसे आता है, जो है वह तो प्रत्यक्ष है, अनुभव है, ऐसा है। लेकिन आप कहते हैं नहीं, आपकी चेतना उसे अस्वीकार करती है। यह अस्वीकरण क्या है? इस पर अगर हम थोड़ा सोचें कि अस्वीकरण जो है वह अस्वीकरण किसी उस रूप से संबंधित है जो प्रत्यक्ष में है तो नहीं लेकिन वास्तव में होना चाहिए। इसकी भावना कैसे होती है, देखिए, जब हम कर्म के द्वारा, कर्म कहाँ आता है, कर्म आता है उस वस्तुस्थिति को बदलने के लिए जिसको हम प्रत्यक्ष रूप में, भाव रूप में देखते हैं लेकिन जिसका एक

पक्ष हमें यह कहता है यह वास्तव में वैसा नहीं है जैसा उसको होना चाहिए तो अभाव जो है, जो है नहीं वह उससे अधिक मूल्यवान है, जो है और हम कर्म के द्वारा उसके रचयिता बनते हैं। पर बात अजीब है, कर्म की कहानी उससे भी अजीब है, जो बुद्धि की कहानी है। क्योंकि कर्म में, जैसे बुद्धि में आप कोई सिद्धांत बनाइए, आप कोई भी पूर्वपक्ष स्थापित का खंडन करें और कहें कि यह सत्य है। दूसरे को ही वह अस्वीकार नहीं होगा। आपको भी बाद में उसमें कुछ संशय लगेगा। अगर आपकी बुद्धि जीवंत है, अगर आप दोहराते नहीं हैं तो उसमें आपको फिर संशय होगा। उसी प्रकार जब आप वस्तुस्थिति में उस अभाव को अधिक सत्य मानकर उसके निराकरण करने की कर्म द्वारा चेष्टा करते हैं तब फिर कुछ बदलता है। लेकिन जो बदलता है वह भी आपको पसंद नहीं आता। आदमी वह प्राणी है जिसको कुछ पसंद नहीं आता। उसके सामने कुछ ही आप बनाइए, आप कविता लिखते हैं, कहानी लिखते हैं, दुनिया भर की चीज लिखते हैं फिर आप किसी को सुनाते हैं तो वह कहता है नहीं। हाँ, अच्छी है, चलती है। आप देखिए, आपने सारी मेहनत लगा दी। यह बात घर में रोज होती है, खाना बनाया, पसंद आया तो आप कहते हैं हाँ, ठीक है। जो गृहणी है, बनानेवाली है उसका मुख सूख जाता है। क्यों? क्योंकि उसने बहुत मेहनत से सब कुछ बनाया। कभी-कभी जरूर होता है, आप कहते हैं कमाल है, ऐसा कभी हमने देखा ही नहीं है, ऐसा स्वाद कभी पाया ही नहीं। पर वह कितना कम होता है। आप देखिए, थोड़ा मैं सोच रहा था, मन की बात करना बड़ा कठिन है। बुद्धि के लक्षण बनाए जा सकते हैं पर मन का लक्षण बनाना बहुत ही कठिन है। इज्जो का लक्षण बनाया जा सकता है जो मन से परे है, उसकी चर्चा की जा सकती है, बुद्धि से परे लेकिन मन की। कुछ दिन पहले मैंने बनाने की चेष्टा की उसको आपके सामने रखता हूँ। इसलिए नहीं कि वह आप स्वीकार करें इसलिए कि उस चेष्टा में पीछे जो बात है वह आप बात करने की चेष्टा करें और खुद बनाइए। मन में एक अजीब चीज होती कि मन में इच्छा उत्पन्न होती है लेकिन इच्छा कैसे उत्पन्न होती है। इच्छा के पहले कोई अनुभव होता है। वह

स्मृति जनित होती है लेकिन स्मृति ही नहीं, उसमें एक कल्पना होती है कि ऐसा होना चाहिए, कुछ हुआ था। हमने किसी क्षण कोई अनुभव किया था। जो बहुत ही मूल्यवान लगा था ऐसा फिर बार-बार हो लेकिन जब वह बार-बार होता है तो आपको पसंद नहीं आता। आप कहते हैं कि नहीं, इसमें कुछ कमी है फिर आप उसमें कुछ परिष्कार करते हैं। लेकिन जो स्मृति है उसके पीछे एक अनुभव है। उस अनुभव के पीछे क्या है? मैंने उसको इस प्रकार रखा। पांडे जी और विद्यानिवास जी जरा इसको देखें, परिष्कार करें। मैंने कहा वासनामूलक, वह अनादिवासना है, अनादि है, क्यों? क्योंकि हम पहले ही कह चुके हैं कल के भाषण में सब कुछ अनादि है इसीलिए हमारे यहाँ हर ज्ञान का प्रारंभ शिव से होता है। या ब्रह्मा से होता है। शिवजी या ब्रह्मा से सारे ज्ञान उदय होते हैं। इसका अर्थ सीधा-सादा यह है कि कालकर्म में कोई आरंभ की बात नहीं की जा सकती। कम-से-कम मनुष्य उसे नहीं पा सकता। आपको आश्चर्य होगा कि शिवजी उनके साथ हम सब कुछ जोड़ते हैं। मैंने एक दफा पढ़ा जुए का जो खेल है वह भी शिवजी ने प्रारंभ किया। पता नहीं आपने कभी पढ़ा है या नहीं। बहुत ही रोचक कहानी है। मैं ज्यादा उसको विस्तार से नहीं कहूँगा कि शिवजी ने खुद ही। इसमें बड़ा गहरा इसका एक आयाम है, पक्ष है कि शिव जी ने जो जुए का खेल बनाया और फिर पार्वती के साथ खेला तो वह सब कुछ हार गए। सब कुछ, अपनी नंदी, अपना सब कुछ जो उनके पास था वह सब हार गए तो हारने के बाद वह अलग जाकर बैठ गए तो मेरे पास तो कुछ है नहीं। तो पार्वती ने सब कुछ जीत लिया लेकिन वह बड़ी दुखी थी। अरे, शिव को मैंने खो दिया और सब कुछ पाया तो क्या पाया। कहानी अजीब है, लंबी है इस पर ज्यादा जाने की जरूरत नहीं है। सिर्फ कहने की बात यह थी कि जो अनादि है वह क्यों अनादि है, इसलिए कि कालकर्म में हम उसका प्रारंभ नहीं जान सकते। कालकर्म में जिसका प्रारंभ नहीं है इसलिए हम उसको अनादिवासना कहते हैं। इसलिए कहते हैं कि इसी से जिजीविषा पैदा होती है, जीने की इच्छा पैदा होती है। हालाँकि हम जानते हैं कि जीने में कुछ नहीं है। फिर भी इच्छा

रहती है। तो वासनामूलक फिर स्मृतिजन्य, हमें कुछ अनुभव हुआ था वही हम फिर दोहराना चाहते हैं। क्यों दोहराना चाहते हैं ? कल्पनारचित इच्छा जो है उसमें एक कल्पना का अंश होता है। एक स्मृति का अंश होता है, अनादिवासना का अंश होता है फिर इच्छा उत्पन्न होती है लेकिन यह इच्छा तो स्वप्न को भी दिखा सकती है, दिवा स्वप्न को जगा सकती है। यह कर्म में कब परिणत होता है, कर्म में जब परिणत होता है, जब यह लगता है कि वास्तव में जो स्थिति है वह वैसी नहीं है जैसा उसे होना चाहिए। तब इच्छा हमारे यहाँ कहा है कि इच्छा से प्रयत्न होता है, प्रयत्न से चेष्टा होती है और चेष्टा से कर्म होता है। आप इसके बीच में कुछ और जोड़ सकते हैं और अगर चाहें तो, लेकिन जिस बात की ओर में आपका ध्यान दिलाने की चेष्टा कर रहा था वह यह है अभाव की सत्यता मनुष्य को कर्म में प्रेरित करती है। उस स्थिति को बदलने के लिए, उसके अनुरूप बनाने के लिए जो उसकी कल्पना में है पूर्ण रूप से नहीं, लेकिन है, जिसमें स्मृति भी है, जिसमें वासना भी है और यह सब मिलाकर आप कर्म में प्रेरित होते हैं। उस अभाव को भाव रूप में लाने के लिए और फिर वह बनता है। लेकिन जैसे ही बनता है कुछ क्षण के लिए आपको आनंद आए कि यह तस्वीर वैसी बन गई जैसे मैं बनाना चाहता था। या वह विचार का कर्म जो मैंने रखा था वह वास्तव में कुछ बात बनी है लेकिन अगर आपकी बुद्धि जीवित है, आपकी चेतना जीवित है तो वह फिर लौटती है, कहती है, नहीं कुछ रह गया। फिर आप प्रवृत्त होते हैं लिखने में, चाहे कविता लिखते हैं, कहानी लिखते हैं, चित्र बनाते हैं या दार्शनिक हैं तो विचार करते हैं, बार-बार लौटते हैं फिर आगे कुछ और करते हैं। यह जो अनंत प्रक्रिया है, यह जो अनंत साधना है, इस साधना के जिसमें हम कर्म में प्रवृत्त होते हैं उसके कुछ आयाम अजीब हैं। वस्तुस्थिति तो होती है, उसमें, हम परिवर्तन करना चाहते हैं पर वह चेतना जो इच्छा से ग्रसित है, जिसमें कल्पना है, जिसमें स्मृति है उसमें वह चेतना कैसी है। देखिए, हम सब लोगों को पता है हम कितना ही कहें, कितना ही बनें, कितना ही करें, कितना ही लिखें लेकिन जो हमारी चेतना है वह लोभ से, मोह से, ईर्षा से

ग्रसित है। उसमें काम है, क्रोध है। कम-ज्यादा सब में और हम परेशान कि यह हमारी चेतना है, यह शुद्ध क्यों नहीं होती, हमें ईर्ष्या क्यों होती है, हमें मोह क्यों होता है। हम कहते हैं नहीं होना चाहिए। भाषण देते हैं, लिखते हैं पर हमको पता है कि यह लिखना बेकार है, यह कहना बेकार है क्योंकि हममें, हमारी चेतना में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होता। यह आप देखिए अगर भारतीय परंपरा की आप कोई विशेषता ढूँढ़ना चाहते हैं, चितंन की परंपरा में वह चिंतन इधर मुढ़ता है और कहता है कि चेतना वैसी नहीं है जैसी उसे होनी चाहिए। ऐसा नहीं है, वस्तु स्थिति ऐसी नहीं है जैसी उसे होनी चाहिए। यह अभाव तो मेरी चेतना में स्वयं बैठा हुआ है। यह जो भाव रूप चेतना है, यह वास्तव में सत्य नहीं है, क्योंकि सत्य ऐसा नहीं होता, इतना खराब नहीं हो सकता तो इसको कैसे पलटे। इसके विषय में अनेक चर्चाएँ हैं, चिंताएँ हैं लेकिन जब कोई चेतना की ओर देखता है, और आत्मचेतना प्राणी है तो वह चेतना में बहुत चीजें पाते हैं लेकिन एक चीज जिस पर ध्यान दिया ही नहीं गया है कि हमारी चेतना में एक विषयोन्मुख हो सकती है, रहती है, सहज प्रवृत्ति, लेकिन वह विष्य से हट भी सकती है। अंग्रेजी में इसको अटेंशन कहते हैं। हम आँख बंद कर लें, दुनिया बंद हो जाती है। कान बंद कर लें दुनिया बंद हो सकती है, कितना आसान है दुनिया को बंद करना, लेकिन अंदर का विचार बंद करना बहुत कठिन है, वह चलता रहता है। लेकिन हमको यह पता है कि हम हट सकती हैं, चेतना में एक शक्ति है कि वह बाहर जा सकते है और बाहर से लौट सकती है। अपने से पीछे लौट सकती है, अपनी चिंतन प्रक्रिया से लौट सकती है। आप शांत कर सकते हैं लेकिन कर नहीं पाते लेकिन महसूस करते हैं। आप देखिए कि जब मनुष्य की चेतना इस बात को देखती है तब उसके सामने दो प्रकार के कर्म और धर्म उपस्थित होते हैं। एक यह कि जो बाहर की वस्तुस्थितियाँ हैं उनमें परिवर्तन आना चाहिए। उसमें भी देखिए कि परिवर्तन कहाँ है। अनेक वस्तुस्थितियाँ होती हैं लेकिन जो प्रधान है वह मेरे अन्य से संबंध है। अगर मेरा किसी से संबंध अच्छा है, स्नेहपूर्ण है तो स्वर्ग है। अगर यह बदल जाता है तो नरक है। ब्राउनी

की लाइन मुझे याद आती है, मुझे पसंद भी आती है—ए लिटिल मोर एंड हाऊ मच इट इज, ए लिटिल लैस एंड ह्वाट वर्ल्डर्स ए वे। कितनी दूर जरा सी नजर पलटी तो फिर क्या होता है। नजर मिली तो क्या हो गया। सबको पता है। लेकिन हमारा आपसे संबंध क्यों इस प्रकार का नहीं है जो होना चाहिए। यह जो मानवीय संबंध है और आपका अपनी चेतना से संबंध है इसके विषय में जो विषद् चिंतन हुआ है और जो साधनाओं की बात की गई है उसकी चर्चा तो पूर्णरूप में नहीं की जा सकती, लेकिन कुछ हद तक जरूर करनी चाहिए।

मैं आपके सामने कुछ दो अन्य दिशाओं की बात करना चाहता हूँ। देखिए, हमारे यहाँ कर्म पर चिंतन ने एक दिशा ली है जो किसी भी अन्य संस्कृति में नहीं ली गई है। हम जन्म लेते हैं। किसी घर में पैदा होते है, किसी शरीर में पैदा होते हैं, यह शरीर सुंदर हो सकता है, स्वस्थ हो सकता है। हम किसी श्रीमंत के घर पैदा हो सकते हैं, हमारा शरीर रोगग्रस्त हो सकता है, हम ऐसे शरीर में लीन हो सकते हैं जो बचपन से ही, जन्म से ही रोगग्रस्त है। कोई लड़का होनहार होता है, कोई लड़की रूप लिए पैदा होती है, कोई व्यक्ति उसमें बुद्धि की प्रखरता होती है, अनेक आयाम हैं। यह भेद जो है इस भेद का आधार क्या है? भारतीय चिंतन ने यह पूछा कि इसका आधार क्या है। अब आपके सामने दो ही समस्याएँ हैं, या तो आप यह कहें कि यह सब आकस्मिक है। इसके कोई कारण नहीं है। अगर आप कोई कारण मानते हैं तो वह कारण हमारी बुद्धि को कैसे स्वीकार होगा कि ऐसा क्यों हुआ है कि मुझे ऐसा शरीर मिला है। आखिर यह अन्याय मेरे साथ क्यों है? मैं इस कुल में क्यों पैदा हुआ? आज हरेक आदमी यह सवाल पूछता है। इसका उत्तर कार्य-कारण रूप में नहीं मिल सकता। अगर संसार में ऐसी अराजकता है कि मनुष्य को ऐसे शरीर में, ऐसे मन में, ऐसी चेतना में, ऐसे घर में जन्म लेना पड़ता है जहाँ उसे अकारण यह सब मिलता है तो यह जो जगत है, वास्तव में इसको समझा जा नहीं सकता। इसी के लिए भारतीय चिंतन में जिसको कहते हैं एक पूर्व कल्पना की गई कि वास्तव में अगर हमें इस भेद को समझना है तो हमें यह मानना होगा कि यह हमारे किए का ही फल

है। इसीलिए पूर्व जन्म की बात माननी होगी। अगर यह सब मेरे किए का फल नहीं है तो, या तो आकस्मिक है, आकस्मिक होने का अर्थ है उसे समझा ही जा नहीं सकता और या किसी ऐसे व्यक्ति की देन है जिसके सामने कोई नियम है ही नहीं, जिसको जो चाहे बाँट देता है। इसीलिए पूर्व जन्म की कल्पना करके इसको अंग्रेजी में मैंने कहा है—द डिमांड ऑफ मारेल इंटेलिजिबलिटी ऑफ द यूनीवर्स लैट टु द हाई पासेसेज टु द पास्युलेशन ऑफ पास्ट लाइफ इन द कांटेक्स्ट ऑफ विच आई केन सी लेजिटीमेटली दैट आई एलान एन रिस्पोंसिब्रल ह्वाट हैपंड टु मी। अगर हमें जगत को समझना है मारेली इंटेलीजीबल तो हमको यह मानना पड़ेगा। इसके अनेक आयाम है। इसकी कोई भी जो कल्पना करते हैं इसके फिर नतीजे होते हैं जो बड़े अजीब निकलते हैं, उसमें ज्यादा जाने की जरूरत नहीं है। लेकिन मैं आपको यह बता रहा था अभाव पर चिंतन किस प्रकार, जो मूल्यों के बारे में चिंतन है, श्रेय के बारे में है, आदर्श के बारे में है उससे जुड़ा हुआ है। और इसकी दिशाएँ बाहर भी हैं, अंदर भी हैं और संबंध रूप में। यह जो संबंध की बात है इस पर अधिक विचार नहीं किया गया है लेकिन करना चाहिए, हम कर सकते हैं। हम इसको आगे ले जा सकते हैं। हम कैसे ही अपने स्वर्ग-नरक के स्रष्टा हैं। थोड़ा कुछ लौटें, कुछ और बात करें फिर जोड़ेंगे। अंगाहार की बात मैंने की। कल कुछ संस्थाओं की बात उठाई गई थी कि संस्थाओं के बगैर जो भारतीय चिंतन की परंपराएँ हैं उनकी विषय विधाएँ हैं वह कैसे आगे बढ़ सकती हैं। आपने अंगाहार की बात सुनी होगी और अग्रहार और कुछ भी सुना होगा लेकिन अंगाहार और अग्रहार का संबंध शायद किसी ने नहीं सोचा होगा। अंगाहार और अग्रहार, अग्रहार वह स्थान होता था जहाँ ब्राह्मण लोग जो होते थे उनको बसने के लिए स्थान दे दिया जाता था।

अग्रहार में चिंतन का अंगाहार बनता था। चिंतन के अंगाहार से क्या मतलब है, प्रत्यय जगत में भी वही रचना होती है जो नृत्य में होती है, जो संगीत में होती है, वहाँ हमने विचार के क्षेत्र में अंगाहार बनाना छोड़ दिया है। हम समझते हैं संगीत में राग बनता है, राग गाया जाता

है। हम समझते हैं नृत्य में मुद्राओं के द्वारा उनके मिलाने से कोई अंगाहार बनते हैं और वह अंगाहार किसी भाव को व्यक्त करते हैं और उन अनेक भावों के द्वारा किसी एक ऐसे भाव की अभिव्यक्ति होती है जो उन सबसे मिलकर बनता है। कुछ लोग उसको रस कहते हैं, लेकिन रस के पहले ऐसा भाव उत्पन्न होना चाहिए जो उन सब भावों से मिलकर बनता है। इसी प्रकर जो विचार होता है उसमें प्रत्यय जगत जो बनता है, प्रत्ययों के द्वारा एक विचार का अंगाहर बनाया जाता है। लोग साथ रहते थे उन संस्थाओं में जिनको हमने अभी एक स्थान में अंग्रहार कहा है। वहाँ बैठकर लोग चिंतन करते थे और चिंतन आपस में करते थे और मिलकर किसी एक विचार जगत की रचना करते थे। भारतीय परंपरा के बारे में बहुत कुछ गलतफहमियाँ हैं, एक गलतफहमी जिसकी ओर मैं आज इशारा करना चाहूँगा वह यह है कि क्योंकि बुद्धि के अनेक ध्यानस्थ मूर्तियाँ हैं। हमने मान लिया है कि मनुष्य की साधना अकेली थी। ध्यानास्ते ततगते मनसा...ध्यान में स्थित होकर मनुष्य उसी चरम सत्य के पास पहुँचता है। पर हम यह भूल गए हैं उन्हीं बुद्ध ने कहा : संघम शरणं गच्छामि। संघ की शरण की बात क्यों की, यह किसी ने नहीं सोचा। पर क्या बुद्ध ने ही संघ की बात की? अगर आप उपनिषद् पढ़ पाते हैं तो जनक की सभा में सब लोग आते हैं, बड़े-बड़े ऋषि आते हैं, यज्ञबल आते हैं, वार्तालाप होता है, प्रश्न पूछे जाते हैं, सभा होती थी, संघ होता था, मिलकर लोग बैठते थे, प्रश्न पूछते थे, बात करते थे और फिर एक निश्चय होता था कि नहीं, याज्ञवल्क्य जो बात कही है वही सबसे अधिक संगत है, श्रेष्ठ है और उनकी बात स्वीकार की जाती थी उस सभा में, इसका मतलब यह नहीं है कि वह सदैव के लिए स्वीकर कर लिया जाता था। आपने बौद्धों में मिलिंद के प्रश्न पढ़े होंगे। नागसेन राजा से बात करता है, पूछते हैं। राजा कहते हैं मैं तुमसे प्रश्न पूछता हूँ। उसने कहा कैसे बात करोगे, राजा होकर बात करोगे या मनुष्य होकर बात करोगे? राजा ने पूछा क्या भेद है? नागसेन कहते हैं भेद यह है कि जब हम आपस में वार्तालाप करते हैं तो सत्य की खोज करते हैं, हम एक-दूसरे का खंडन-मंडन करते हैं। हम कहते

हैं आप गलत हैं, इस पर कोई नाराज हो सकता है। पर कोई आपकी गरदन नहीं काटता। राजा से बात करोगे तो राजा को कौन कहेगा कि आप गलत बात कर रहे हैं तो उसने कहा मैं राजा होकर बात नहीं करूँगा, मनुष्य होकर बात करूँगा। लेकिन प्रश्न यह है कि सभा होती थी, सभागार होते थे जहाँ विद्वान लोग इकट्ठे होते थे, आपस में एक-दूसरे से बात करते थे और इस निष्कर्ष पर पहुँचते थे कि कुछ बातें अधिक सार्थक हैं, अधिक सत्य हैं, अधिक स्वीकार्य हैं। और फिर यह बात नहीं है एक के बाद कोई सभा होती नहीं थी। फिर कुछ वर्ष बाद फिर सभा होती थी। लोग एक-दूसरे से पूछते थे तुमने इसमें क्या पाया और फिर परिष्कार होता था, नई बात मानी जाती थी। आप लोग भूलते हैं हमारे ग्रंथों का नाम संहिता है। संहिता का अर्थ ही यह होता है लेटर ट्रेडीशन ऑफ नालिज। संहिता का मतलब है जो इकट्ठा किया गया है। किसी ने इकट्ठा किया है, चरक संहिता है, उसके एडीशंस थे। संहिता का अर्थ यह होता है, लोग मिलते हैं और जिज्ञासु लोग हैं, एक साथ खोज कर रहे हैं आपस में एक-दूसरे की सुन रहे हैं, कह रहे हैं और फिर कुछ निष्कर्ष निकलता है। यह एक अनवरत प्रक्रिया थी। तो जो अग्रहार से अंगाहार की बात मैं कह रहा था, जो सभाओं में होता था, राजा की सभाओं में होता था, विद्वानों की सभाओं में होता था, हमेशा जब आप देखिए, जो हमारे यहाँ जितने भी तीर्थ हैं, कुंभ होता था, जहाँ हर तीर्थ पर हर वर्ष कुछ होता है वहाँ विद्वान लोग आते हैं, साधु लोग भी आते हैं, बात करते हैं आपस में। ऐसा कुछ नहीं था कि हमारे यहाँ केवल ध्यानावस्ये...यह भी होता था लेकिन उसकी भी चर्चा होती थी। कहने का अर्थ यह है कि आप परंपरा में देखिए, मैंने जो अंगाहार की बात अग्रहार के संबंध में की है उससे एक गहरा तात्पर्य है, वह यह है कि विचार में उसी प्रकार से हम अवयवी बनाते हैं जिस प्रकार से अन्य कला की विधियों में करते हैं, विधाओं में करते हैं। इसका अर्थ क्या है? मैं फिर थोड़ा लौटता हूँ कल की बात पर, अर्थ की बात पर। कविता में अर्थ कैसा होता है? हमारे यहाँ अलंकार शास्त्र पर इतनी चर्चा हुई है। आज उसको बेकार माना जाता है कि कितने अलंकार होते हैं—60, 70 शब्द का अलंकार होता है, अर्थ का

अलंकार होता है, फिर कहा गया ध्वनि होती है, फिर कहा गया वक्रोक्ति होती है और बहुत सारी बातें कही गईं। चित्रकारी की चर्चा की गई, लेकिन यही बात, अब जरा सोचिए जो विचार का क्षेत्र है उसमें भी ध्वनि होती है, उसमें भी अलंकार होता है। यह बात हमारी परंपरा में नहीं कही गई है लेकिन कही जा सकती है। पश्चिम का जो विचारक है वह हमारी विचार परंपरा को देखता है तो उसमें वह क्या देखता है, उसमें वह शब्द को देखता है। वह शब्द के स्रोत को जानना चाहता है, वह उस अर्थ को देखता है जो प्रत्यक्ष रूप में उपस्थित हे सकता है लेकिन उस अर्थ को नहीं देखता जो अप्रत्यक्ष है, जिसकी ध्वनि मात्र है, विचार में ध्वनि की बात नहीं कही है लेकिन मैं आपके सामने करना चाहूँगा। विचर में हम क्या करते हैं, जिस प्रकार साहित्य में हम अनेक अलग-अलग परिप्रेक्ष्यों से बिंब लाकर मिलाते हैं और एकदम कुछ नई बात पैदा होती है वह बात जिसको सपोर्ट कहकर कुछ कहने की चेष्टा की गई है, पकड़ने की चेष्टा की गई है लेकिन सपोर्ट जो है वह केवल साहित्य में नहीं होती, कविता में नहीं होती, सपोर्ट विचार में होता है। विचार में सपोर्ट कैसा होता है जो नया विचारक उत्पन्न होता है वह कैसे होता है, वैसे ही होता है, अनेकानेक, अलग-अलग पड़े हुए विभिन्न प्रत्ययों को साथ लेता है और एकदम इस प्रकार से मिलाता है कि उनमें जादू पैदा करता है और आप मुग्ध हो जाते हैं, एक नया विचार उत्पन्न होता है। लेकिन इस विचार के पीछे केवल यही नहीं बल्कि वह एक नई ध्वनि को उत्पन्न करता है। हमारे यहाँ प्रतिध्वनि की बात है लेकिन प्रतिध्वनि से भी अलग एक अंतर ध्वनि की बात है। और वह ध्वनि, एक ध्वनि दूसरी ध्वनि को जन्म देती है इसलिए मैंने कल कहा था आप शेर को बार-बार दोहराते हैं, कविता को बार-बार पढ़ते हैं लेकिन विचार के क्षेत्र को दोहराना इस प्रकार से नहीं होता अन्य प्रकार से होता है, आप कांट हो, शंकर हो, नागार्जुन हो, कोई भी बड़ा विचारक है आप उसके पास बार-बार जाते हैं और जब भी जाते हैं कुछ नया मिलता है, क्यों मिलता है? क्योंकि आपमें भी तबदीली हुई है। इसलिए आप नई चीज देखते हैं लेकिन इसके अलावा आप उन

शब्दों में नया अर्थ पाते हैं। उन अर्थों में नई ध्वनि पाते हैं और ध्वनि के अलावा मैं कहूँ जिस प्रकार अधिक ध्यान नहीं दिया गया है, उसके अलावा एक आप दिशा पाते हैं कि इसको इस दिशा में बढ़ाया जा सकता है। यह संपूर्ण नहीं है क्योंकि जो संपूर्ण है वह तो पूर्ण रूप से अभिव्यक्त हो ही नहीं सकता। वह आपको निमंत्रण देता है, वह विचार कहता है देखो, इसे आगे बढ़ाओ। खाली ध्वनि तक सीमित मत रखो। केवल आत्मालीन मत हो, बाहर मुड़ो, कुछ बनाओ। अब यह जो विचार का क्षेत्र है जब यह कर्म की ओर देखते हैं तो एक कर्म की भी अनंत: पाते हैं। कर्म के बारे में जो हमारे यहाँ विचार हुआ है उसमें एक बात है कर्मबंधन का कारण होता है, क्यों होता है? क्योंकि कर्मकाल में होता है। कर्म कार्यकारण भाव को लिए होता है। कर्म में किसी फल की प्राप्ति की बात होती है, प्रयोजन होता है। हम बनते हैं इससे भी गहरा बंधन जो है काल का बंधन, कार्यकारण का बंधन उसकी चर्चा हमारे यहाँ नहीं की गई है। मैंने कहा नए आयम, नई दिशाएँ, मैं बार-बार इन बातों को दोहराता हूँ कि इन विचारों को बहुत कुछ आगे आज के परिप्रेक्ष्य में बढ़ाया जा सकता है। देखिए, कर्म का बंधन यह होता है, ऐसे बहुत कम कर्म हैं जिसमें आप फल की प्राप्ति अपने आपसे कर सकते हैं। आपको पराश्रित होना पड़ता है, कर्म के क्षेत्र में जैसे ही आप उतरते हैं आप पराश्रित हैं। दूसरों से मिलकर काम करना पड़ता है। अगर दूसरे सहायता न करें तो आप कार्य नहीं कर सकते। दूसरों की सहायता कैसे लेंगे? भय से, लोभ से, कैसे लेंगे? कभी-कभी अपनी मर्जी से भी जुड़ जाते हैं, लेकिन मर्जी से जुड़ेंगे तो चले भी जाएँगे छोड़कर। कर्म के बंधन अनेक हैं। अगर फल मिल भी जाता है, साथी मिल भी जाते हैं तब भी जो बनता है वह आपको अस्वीकार होता है। आप देखें आपके खुद के हिंदुस्तान में गांधी जैसे लोग थे। उन्होंने किन सपनों को साकार करने की कोशिश की और बना क्या। जो बना है आज हम सब देख रहे हैं। रूस की क्रांति कितना बड़ा स्वप्न था मनुष्य का और उस गांधी का है क्या हुआ। मनुष्य का जो कर्म का क्षेत्र है इसके लिए आपको कहा गया कि इसमें फिर आपको कर्म करना जरूरी है, लेकिन फिर निष्काम कर्म की बात है।

बुद्धि की विफलता उतनी ही होती है जितनी कर्म की विफलता। कर्म के क्षेत्र में विफलता हमेशा रहेगी। बुद्धि के क्षेत्र में विफलता हमेशा रहेगी क्योंकि जो बनता है, जो चिंतन का विषय बनता है, उससे आप हमेशा संतुष्ट नहीं होते। अगर संतुष्ट हो जाएँ तो गाड़ी रुक जाएगी। इस कालक्रम में चाहे बुद्धि हो, चाहे भाव हो, चाहे कर्म हो, उसकी एक जो निरंतरता है वह इससे निकलती है कि जो भी प्राप्त होता है आपको बुद्धि से या आपके कर्म से या आपकी भाव साधना से वह आपको कभी भी संतुष्ट नहीं करेगा। तब, लेकिन हमारे यहाँ निष्काम कर्म की बात कही गई, निसंग बुद्धि की बात नहीं कही गई। मैं आपको आमंत्रित करता हूँ कि निसंग बुद्धि की बात नहीं कही है। मैं आपको आमंत्रण देना चाहता हूँ कि निसंग बुद्धि से परंपरा को देखिए, अपनी परंपराओं को और अन्य संस्कृतियों की परंपराओं को, उनमें भी वही निसंगता होनी चाहिए जो कर्म के संबंध में कहा गया है। थोड़ा देखिए कि कैसे बढ़ाएँ इस बात को? क्या हम निसंग भाव की बात कर सकते हैं, मैं समझता हूँ कर सकते हैं कि नहीं की गई है। निसंग भाव क्या होगा, भाव में तो होता ही है कि हम पूर्णरूप से डूब जाते हैं, पूर्णरूप से डूबते नहीं हैं तो जैसा कहा भी गया है वह है अनडूबे बूढ़े...एक प्रसिद्ध उक्ति है कि अगर आप उसमें डूबे नहीं है तो वास्तव में डूबे नहीं हैं, कुछ पाया नहीं है। फिर भी मैं कहता हूँ और हम कहते हैं जब हम किसी मनुष्य में इसको इस प्रकार से भाव में लीन देखते हैं तो हम समझते हैं कहीं कुछ गलती है। इसमें विलग होने की क्षमता होनी चाहिए तो वह निसंग भाव की प्राप्ति है। कुछ-कुछ विद्यानिवास जी ने अपनी जो कृष्ण के ऊपर किताब लिखी है उसमें कृष्ण में निसंग भाव की चर्चा की है। हालाँकि वह उनके विचार का केंद्र बिंदु नहीं है, मैं समझता हूँ कि कृष्ण के जो भाव पुरुष होने का चित्रण किया है उसमें कुछ इस तरफ इशारा जरूर है।

अब थोड़ी सी चर्चा मैं भाव की करूँगा, फिर समाप्त करूँगा। भाव से क्या सत्य की प्राप्ति हो सकती है? इस परंपरा ने यह प्रश्न उठाया और इसका उत्तर दिया कि हाँ। सत्य की प्राप्ति बुद्धि से हो सके या नहीं, कर्म से हो सके या नहीं, यह भाव से हो सकती है और

यही आपके यहाँ भक्ति की परंपरा है। भक्ति की परंपरा में इस तरह की साधना है कि हम जो चरम सत्य है उसकी प्राप्ति शुद्ध भाव की साधना से कर सकें। यह कहाँ तक सफल है यह कहना कठिन है लेकिन इसमें आपको आमंत्रण है कि भाव के अंदर एक अंतरलीन उसको कहना चाहिए आदर्श है। वह यह है कि यह भावना विषय से स्वतंत्र हो। हमारा सारा भाव जो है वह विषयाश्रित है। विषय के हम बंधन में पड़ते हैं, वह बदलता है तो हम परेशान होते हैं। हम एक ऐसी भाव स्थिति चाहते हैं कि जो विषय पर आश्रित ही न हो पर हम वह भी चाहते हैं कि हमारा जो मन है, हमारी जो चेतना है, उसकी जो मन:स्थिति है उससे भी स्वतंत्र हो। तो विषय से स्वतंत्रता पूर्णरूपेण भाव जगत की, यह एक प्रकार से गोपियों ने इसकी साधना की थी। गोपी वास्तव में कृष्ण से प्रेम नहीं करती थी, करती होती तो बहुत जल्दी जमना पार कर उनके पास पहुँच जाती। उनको विषय रूप में कृष्ण नहीं चाहिए, उनको मनुष्य रूप में कृष्ण नहीं चाहिए, देवरूप में कृष्ण नहीं चाहिए। वह उनको ऐसी मन:स्थिति चाहिए जो विषय पर आश्रित ही न हो। तो यह जो एक साधना है इसका दूसरा पक्ष है। आप जब चेतना देखते हैं—अपनी चेतना, मैंने कहा था यह पाते हैं कि यह चेतनाग्रसित है, अनेक प्रकार के दोषों से। अब आप क्या चाहते हैं इस चेतना के भाव रूप में दो आदर्श उपस्थित होते हैं और उन आदर्शों के बीच हमारी परंपरा में मनुष्य दुलायमान रहा है। एक तरफ आप शांत रस चाहते हैं और एक तरफ माधुर्य चाहते हैं, एक छोर हमारी चेतना का माधुर्य को चाहते हैं लेकिन माधुर्य में कोई दूसरा होता है। दूसरे पर आश्रिता होती है, लेकिन आप चाहते हैं, आप प्रेम से थकते हैं, आप कहते हैं यह क्या बंधन है, हम दूसरे पर आश्रित हैं। तब आप शांत चाहते हैं, शांत रस चाहते हैं, कोई नहीं है, केवल चेतना है, विषय है ही नहीं, अन्य है ही नहीं लेकिन जब शांत रस होता है तब फिर कहते हैं नहीं कुछ और होना चाहिए। फिर मधुरता की ओर आकृष्ट होते हैं। मैं समझता हूँ शांत रस और माधुर्य के बीच में चेतना अपने भावरूप की पराकाष्ठा खोजती रहती है, पाती कभी नहीं है। अब इन सब आयामों को थोड़ा छूते हुए एक चर्चा करते हुए मैं इस

भाषण को समाप्त करना चाहूँगा। अंत में केवल यही कहूँगा कि आपकी चिंतन परंपराएँ, जिनका कम-से-कम तीन हजार साल का, ढाई हजार साल का लिखित इतिहास है, उसके अनेक आयाम हैं। वह सब आयाम जो हैं भी वह पूर्ण रूप से प्रस्फुटित नहीं हुए हैं। किसी ने आपको बहका दिया है कि जो कुछ सोचना था वह सोचा जा सका, वह कुछ करना था वह किया जा चुका है। अब हमारी संस्कृति समाप्त हो चुकी है। कहानी बिलकुल इसके उलटी है। जो कुछ हुआ है, जिसके आप ऋणी हैं, वह आपसे मानता है कि मुझे आगे ले जाइए। आप अपना चयन खुद कीजिए। जिस चीज में आपको रुचि होती है, जिसमें आपकी सहज गति है और उसको अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ाइए। मैंने धर्म और नीति के संबंधों की बात नहीं की। मैंने अपने राज्य और समाज चिंतन की बात नहीं की, कर सकता या इसमें बहुत कुछ है। आप सोचिए कि हमारे यहाँ यह माना गया है कि राजा प्रजा के पाप-पुण्य के पाँच या छह अंश का भागी क्यों होता है। इसको आगे बढ़ाइए। राजा ही क्यों भागी होता है। मैं और आप एक-दूसरे के पाप-पुण्य के भागी नहीं होते हैं। क्या हम एक-दूसरे के पाप-पुण्य के कारण नहीं हैं? क्या मैं कभी अपने से पूछता हूँ कि मैं आपको पाप की प्रवृत्ति में लगाता हूँ या पुण्य की प्रवृत्ति में। यही नहीं, अनेकानेक अन्य आयाम हैं हमारे यहाँ, हर क्षेत्र में स्थूल और सूक्ष्म का भेद किया गया है। हमारे यहाँ राजसिक, तामसिक और सात्विक का भेद किया गया है। समाज सात्विक, तामसिक, राजसिक है। राज्य तामसिक है, इसकी चर्चा की गई है। इनको आगे बढ़ाने की जरूरत है। हर क्षेत्र में हम यह सवाल पूछ सकते हैं कि स्थूल स्तर क्या है? सूक्ष्म स्तर क्या है? सूक्ष्म के अन्य स्तर क्या हैं। हम आज यह सवाल पूछते हैं कि यह सात्विक है, राजसिक है या तामसिक है। हम यह सवाल पूछ सकते हैं यह कोटियाँ परिपूर्ण हैं? लेकिन हम यह पूछते नहीं हैं। अनेक आयाम हैं, अनेक दिशाएँ हैं। इतना खुलकर चलिए कि मजा लीजिए। थैंक यू।

प्रश्न : आपने जहाँ स्थूल और सूक्ष्म की बात कही है उस स्थूल और सूक्ष्म के कारण क्या हैं?

डॉ. दयाकृष्ण : बहुत अच्छा है कि आप जोड़ रहे हैं। इससे बढ़िया बात क्या हो सकती है?

डॉ. विद्यानिवास मिश्र : दया भाई के ऐसे विचारोत्तेजक और आगे ले जानेवाले वक्तव्य के बाद कुछ कहने को शेष नहीं रहता। लेकिन अगर न कहूँ तो उनकी बात का खंडन होगा। क्योंकि उन्होंने आमंत्रित किया है कि रास्ता यहाँ रुक नहीं गया है। यह गली का अंधा मोड़ नहीं है। राज्य खुला हुआ है। हमारी चिंतन परंपरा एक खुला हुआ वृत्त है। जिसमें और वृत्त बनाने की अपने आप एक परंपरा निहित है। परंपरा के लिए शब्द हमारे यहाँ आमनायिकी भी है। जिसका एक अर्थ है जहाँ तक नापा गया है, दूसरा अर्थ है, जहाँ तक नापा जा सकता है और उसके बारे में अभिनव गुप्त ने अभिनव भारती में चार श्लोक लिखे हैं। एक तरफ से जिसमें परंपरा की भी व्याख्या है। उन्होंने कहाँ है जैसे हम कोई पुल बनाते हैं तो एक ठाट तैयार करते हैं, जिस पर चढ़कर के थवई कुछ बनाता है, कुछ जोड़ता है, फिर जब पुल बन जाता है तो यह ठाट हटा लिया जाता है फिर जब नया पुल बनाना होता है तो यह ठाट काम में नहीं आता और फिर नया ठाट की जरूरत होती है। यह ठाट बेकार नहीं है, हटा लिया जाता है इसलिए बेकार नहीं है। ठाट बनाने की बात बेकार नहीं है। यद्यपि यह पहले से सिद्ध है, पूर्व सिद्ध है, फिर नया परिवर्तन क्यों करते हैं? परिवर्तन इसलिए करते हैं कि अगर परिवर्तन न करें तो उस आकार को हम समझ नहीं सकते। एक आकार को तिरोहित करते हैं फिर दूसरा आकार बनता है। जिस ओर दया जी ने इशारा किया, एक शून्य का अंतराल आता है, जिसके लिए वेदों में भी शब्द है विरेचन, अतिरीचत: इसके आगे और इसके आगे। इसके आगे जाने का अर्थ होता है कि पहले जो है उसको बिलकुल मिटा दो। देखने में लगेगा कि आत्मनिषेध है, अपना खंडन है। यह अपना खंडन नहीं है। अपनी सीमा का खंडन है। अपनी इयत्ता इतनी ही है इसका खंडन है नहीं, इतना नहीं है। इसलिए जो रचना होती है वह यह मानकर के विचार के क्षेत्र में, कला के क्षेत्र में, साहित्य का क्षेत्र में, किसी भी क्षेत्र में रचना होती है वह इस विरेचन, इस शून्यन की प्रक्रिया की बात होती है। शून्यन की

प्रक्रिया उसके अंतराल में आना-ही-आना चाहिए। शून्य होना क्या है? मौली साधना में हम लोग प्रतिदिन यह कहते हैं कि सूक्ष्म शरीर को सुखाता है, जलाता है, नष्ट करता हूँ फिर उसे सींचता है, फिर नए शरीर को उत्पन्न करता हूँ। उस नए शरीर से फिर ग्रहण करता है, सामरस भाव को ग्रहण करता है। निरंतर इसकी भावना करने का प्रयोजन क्या है? यह आत्मविवेचन और इसके बोधों ने कहा अकिंचन आवश्यक है। इस परंपरा की सबसे उल्लेखनीय विशेषता यह है कि इसमें अपने आप आगे जाने की बात है। शायद परंपरा शब्द में भी निहित है और शायद संस्कृत ही एक ऐसी भाषा है जिसमें श्रेष्ठ और दूसरे के लिए एक ही शब्द है। पर का अर्थ श्रेष्ठ भी है और पर का अर्थ दूसरा भी है। अर्थात् दूसरे में अपने को पहचानो। अगर दूसरे में अपने को नहीं पहचान सकते हो तो तुम श्रेष्ठ नहीं हो। अपनी श्रेष्ठता के लिए दूसरे में अपनी पहचान प्राप्त करना, अपनी प्रतिज्ञा प्राप्त करना, यह ज्ञान का भी लक्षण है, यह कर्म का भी लक्षण है और यह भाव का भी लक्षण है। मैं यही जानता हूँ कि उद्देश्य की जहाँ तक बात है इस परंपरा का उद्देश्य क्या है, कुछ भी नहीं है सिवाय इसके कि अभी सीमाएँ पार नहीं हुईं। अपनी सीमा को पहचानते रहना यही उद्देश्य है। आदमी अपनी सीमा को पहचानता है तो असीमता के एक नए आयाम को छूने के लिए व्याकुल होता है। वह व्याकुलता सर्जनशीलता में भी आती है, वह प्रतिफलित होती है, वह व्याकुलता, विचार के क्षेत्र में नए आयाम के सूत्र करने में होती है। कभी भी कोई ऐसा समय नहीं आएगा जब उत्तरोत्तर कुछ-न-कुछ नए आयाम नहीं आएँगे। नए आयामों का आना कभी भी रुक सकता है। हमारे यहाँ शास्त्रार्थ होते थे, जैसा कि भाई जी ने बताया कि परिष्कार होता था। एक लक्ष्ण किया और कहा कि यह दोष है। दया भाई ने मन के लक्षण में कहा, स्मृतिजन्य। मैं परिष्कार करूँगा कि केवल अपनी स्मृति से जन्य नहीं है, जो विश्व मन की स्मृति है उससे है। जिसे आज कह सकते हैं जातीय स्मृति से जन्य है। कहीं से उसका अंश दान होता है इसीलिए अपनी स्मृति से आदमी नहीं परिचालित होता है। कहीं-न-कहीं वासना एक पूरे समुदाय की स्मृति की होती

ही है तो इसी तरह से निरंतर परिष्कार करने की बात की जाती है। और इससे बाल की खाल निकालना नहीं सोचते हैं। सोचते हैं यह भाव का व्यापार है। यह खंडन करने की वृत्ति इसलिए नहीं है कि दूसरे को पराजित करे। दूसरे को नीचा दिखाए इसलिए है कि हम समझे। जो भी विचार आए उन विचारों में अपने को ढाल करके हम समझे उसके और आगे जा नहीं सकते हैं या जा सकते हैं यह पहचान है। तो इसमें कहीं भी जय-पराजय की बात नहीं है। मैं छोटी सी कहानी सुनना चाहता हूँ। प्रासंगिक नहीं है। इसी शताब्दी के अच्छा प्रखर पंडित थे जिन्होंने मीमांसा के ग्रंथों में गीता पर भाष्य लिखा। भाष्य लिखा, महाउपाध्याय हरिहर द्विवेदी। वह मिथिला में गए। उन्होंने वहाँ बच्चा झा—न्याय के बड़े पंडित थे—से शास्त्रार्थ किया। बच्चा झा कुछ देर के लिए चुप हो गए। तो वहाँ के पंडित शोर मचाने लगे। जब देखा बहुत शोर हो रहा है, बात आगे नहीं बढ़ रही है तो उन्होंने एक श्लोक वहीं पर तत्काल बनाकर सुना दिया। नायम कामयते निषार करिकान नकीली कल्पाम कृपाम। यह आदमी रुपए के लिए नहीं आया, राजा से मुझे विदाई नहीं लेनी है, मुझे ऐसी नपुंसक कृपा भी नहीं चाहिए—नकलीय कल्पाम कृपाय नकपासी पदोन्नति। मुझे किसी पद की उन्नति नहीं चाहिए। यह व्याख्यिय न जानयत परम, कुछ नहीं चाहिए। चाहिए क्या...

मैं यह चाहता हूँ आपस में समान प्रेम का जो व्यवहार होता है, उसके जो भी कार्य होते हैं, प्रचार होते हैं, उन प्रचारों से युक्त जो हमारा कार्य हो सकता है, अपने पहले के लोगों के प्रति जो विनक भाव हो सकता है और वही विनक भाव जिस रूप में हमारी संस्कृति द्वारा हमारी सुचारित के द्वारा व्यक्त हो सकता है, उससे उनका हम प्रचार करें। हम उनकी बात करके, उनके बारे में बात करके और अपनी सुचारित से बात करके अर्थात् क्रियान्वित करके बात करते हैं, उसी से उनका आगे प्रचार होता है। यह अनुभव होता है लोगों को कि मैं अपनी बात नहीं कर रहा हूँ। मुझमें सब बात समाई हुई है, मैं बहुत ही छोटा हूँ। पंडित हरिहर रुकपाल द्विवेदी इस शताब्दी के विद्वान हुए हैं तो उनके इस विनय भावपूर्ण श्लोक में परंपरा का प्रयोजन निहित

है। चाहते क्या हैं ? यह नहीं चाहते कि उनकी बात छोटी हो जाए। यह चाहते हैं कि हम समझें कि यह बात छोटी है, इसके आगे सोचना चाहिए और हम जब सोचेंगे तो उसमें लोगों को सम्मिलित करना चाहते हैं, अकेला नहीं सोचना चाहते हैं, सब के साथ जुड़कर सोचना चाहते हैं। इसलिए उसमें निहित है कि अकेला हमारा योगदान नहीं है, इसमें योगदान उन सबका है जिन्होंने सोचा है, जिन्होंने सोचने की दिशा दी है, उनका भी है जिन्होंने सुना है और बड़े प्रेम से सुना है, जिन्होंने संशय किया है और बड़े मन से संशय किया है, संशय के लिए संशय नहीं किया, संशय के लिए संशय किया है, प्रश्न के लिए प्रश्न किया नहीं है, परिप्रश्न किया है जिसके लिए श्रीकृष्ण ने गीता में आमंत्रण दिया है—तदविधि...

तीनों तत्त्वों की ओर आकृष्ट किया है। पहले एक परिपाद होना चाहिए, विनम्र भाव होना चाहिए, अपनी परंपरा के प्रति कृतज्ञता होनी चाहिए कि यह दिया गया है, उसके बाद परिप्रश्न होना चाहिए, प्रश्न नहीं, परिप्रश्न। उसके बारे में तरह-तरह से प्रश्न होने चाहिए। उसके चारों ओर जाकर के, उसको घेर करके प्रश्न होना चाहिए और उन प्रश्नों के बाद फिर सेवा होनी चाहिए। सेवा का अर्थ कुछ नहीं होता सिवाय इसके कि उस पर आचरण करना, उससे जीवन पद्धति का नया निर्माण करना, यही सेवा है। ब्रजभूमि में जहाँ पर कुंज है वहाँ पर जो भी कूड़ा-करकट है उसको साफ करना, भगवान की सेवा कहा जाता है। यही सेवा है कि हमारा योगदान इसमें क्या होता है। कौन चीज हम अलग कर रहे हैं, कौन चीज हम ऐसा कर रहे हैं, उससे प्रकट हुआ है, उसका स्वाभाविक रूप आ रहा है, उसका सहज रूप आ रहा है, हम कुछ पाते नहीं हैं, कुछ है उसको देखते हैं और इसीलिए आवरण इस परंपरा में, ज्ञान में, भाव में बाधक नहीं है, आवरण एक आमंत्रण है। एक-एक आवरण हटाते जाइए और आवरण को समझते जाइए, आवरण की सार्थकता समझते जाइए, आवरण की सार्थकता समझें जो आवरण को जानते भी हैं तो यह जानना अधूरा होता है। इसलिए जैसा कि दया भाई ने कहा मैं तो उसमें कुछ भी इस पर टीका-टिप्पणी नहीं करना चाहता क्योंकि हमारी बात

उन्होंने की है। मैं तो केवल जोड़ना चाहता हूँ, उनकी बात के आगे बढ़ाना चाहता हूँ कि भक्ति जिसकी चर्चा उन्होंने सबसे अंत में की, कहा कि भक्ति के आगे भी जा सकते हैं। भक्ति के आगे जाने की बात भक्ति में निहित है। वह यह है कि हमें केवल चाह चाहिए, न तो हमें वैकुंठ चाहिए, न हरि का द्वार चाहिए, न हरि चाहिए, हरि की चाह चाहिए। अनुभुज प्यास चाहिए। ऐसी अतृप्त इच्छा चाहिए। हमें बहुत ही विसंगत लगता है इच्छाओं से मुक्ति, मुक्ति मानी जाती है लेकिन इच्छा चाहिए। अकेली एक इच्छा चाहिए। किसी प्रकार की दूसरी अभिलाषा नहीं चाहिए, दूसरी इच्छा नहीं चाहिए, एक इच्छा चाहिए, एक धारावाहिनी इच्छा चाहिए और उस धारा में स्वयं को ढालना चाहिए। हम केवल इच्छा रह जाए, न व्यक्ति, न व्यक्ति के विषय, न इच्छा के विषय, केवल इच्छा रह जाए। यह इसका एक आगे का रूप है। क्या वहीं रुकेगी भक्ति ? मनुष्य, क्या वहीं रुकेगी चेतना, ऐसा नहीं कह सकता। रुकने की बात नहीं कर सकते। आज जो सूक्ष्म है कल स्थूल हो ही जाता है। आज जो अनंत दिखता है, आज जिसको हम अनंत कह रहे हैं कल शांत हो जाता है। उसके आगे फिर अनंत की बात सोचनी पड़ती है और फिर ऐसा न हो तो मनुष्य व्यर्थ हो जाए और मनुष्य ही नहीं पूरी सृष्टि व्यर्थ हो जाए क्योंकि—पूरी सृष्टि जिससे रचित है वह है इच्छा, हमें दूसरे में अपने को पाना। धन्यवाद।

सुश्री इला : जब वत्सल निधि की ओर से डॉ. दयाकृष्ण जी को इन व्याख्यानों को देने के लिए आमंत्रित किया गया था तो मुझे अंदाजा नहीं था कि कई निजी कारणों से मुझे पूरा कार्यक्रम रद्द करना पड़ जाएगा। दया भाई ने जितने सहज भाव से व्याख्यान देना स्वीकार किया था उतने ही सहज भाव से उनका न होना भी स्वीकार किया। पर फिर मैंने जब उनसे पुनः अनुरोध किया, बाधा तो है किंतु यह व्याख्यान पुनः आवाहित करके दे ही डाले जाएँ तो दया जी ने मेरी विपत्ति को समझते हुए मान लिया। मैं उनकी बहुत आभारी हूँ। डॉ. विद्यानिवास जी की भी जो अपने अन्य कार्यक्रम इस कार्यक्रम के रद्द हो जाने के बाद बना चुके थे, वे भी उन्हें छोड़कर बनारस से आ

गए। निर्मल वर्मा जी मान गए और डॉ. गोविंद चंद्र पांडे, सुधा जी, वेटलिस्टिड टिकट पर दिल्ली आ गए। नंद किशोर जी, निजाम साहब टिकट मिला, नहीं मिला, कैसे जोधपुर, बीकानेर से आ गए, मैं सबकी बहुत आभारी हूँ। आप सब की भी जो कल आँधी-पानी के दिन में आए और आज भी आकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। अब कल 11 बजे इसी स्थान पर विचार गोष्ठी के लिए आप सबका आमंत्रण है, आइएगा। नमस्कार।

11-12-97

प्रश्न : शायद 19वीं शताब्दी तक अंग्रेजों ने जो कुछ भी नरसंहार किया उसके बावजूद मैं समझता हूँ 40-50 करोड़ के करीब इस देश की आबादी रही होगी कास्टेंटली। काफी लोग 200 साल में मारे गए। अब जो यह 100 करोड़ लोग हो गए। अगर यह सिंचित कर्म पूरे हिंदू दर्शन के सामने पूर्व जन्म सिद्धांत को चुनौती है तो इस सिद्धांत का कैसे विश्लेषण करें, कैसे इसको आगे बढ़ाएँ, कैसे इसको एक्सटेंड करें कि यह जो बढ़ी हुई आबादी है इसको इस सिद्धांत के अंतर्गत एक्सप्लेन किया जा सके तो यहाँ पांडे जी हैं और विद्वान लोग बैठे हैं। इस पर अगर कुछ हम लोग थोड़ी सी यहाँ से चर्चा शुरू करके आगे बढ़ा सकें तो मेरी खुद समझ में नहीं आता इस बढ़ी हुई आबादी को पूर्व जन्म सिद्धांत में कैसे माना जाए और कैसे उसको एक्सप्लेन किया जाए?

प्रश्न : यह आपके पहले भाषण से संबंधित है। पहले भाषण में आपने कहा कि भारतीय चिंतन परंपरा या भारतीय ज्ञान या कोई भी ज्ञान निश्रेयस के बिना नहीं हो सकता। हरेक भारतीय ज्ञान का या हरेक भारतीय चिंतन का एक निश्रेयस है तो क्या यह कहा जा सकता है कि भारतीय परंपरा में नालिज फार ऑन नेम सेक का कांसेप्ट होगा ही नहीं या फिर आप यह कहना चाहेंगे कि निश्रेयस का होना भारतीय ज्ञान परंपरा का एक बड़ा वैशिष्ट है? इन दोनों में से कौन सी बात आप चुनना चाहेंगे? क्योंकि अगर आप पहला चुनते हैं तो हमें फिर आना पड़ेगा भारतीय चिंतन परंपरा हम किसे कहें? यदि आप दूसरी चुनते हैं यह समस्या नहीं रहेगी क्योंकि तब भारतीय चिंतन परंपरा का एक वैशिष्ट

गुण हमें पता लग जाएगा जो होगा कि उसमें केवल अपने लिए ज्ञान प्राप्त करना—उसका कोई लक्षण नहीं है। लेकिन तब नालिज फार इट्स ऑन नेम सेक होगा। क्योंकि नालिज फार इट्स ऑन नेम सेक, ह्वाटएवर वाई में से इज इंपोर्टेंट फार इट्स ऑन सेक अगेन। वाई डू वांट टु नो एंड इफ सम बाडी सेज वाई डू यू वांट टू नो आई कैन आल्वेज से वैल। आई जस्ट वांट टु नो। देयर इज नो निश्रेयस। किसी कार्य के कारण, किसी कारण के लिए, ज्ञान को नहीं प्राप्त करना चाहिए लेकिन यह सिर्फ मेरी इच्छा है मैं इसे प्राप्त करूँ। मुझे लगा आपके पहले भाषण में एक डिलेमा मुझे लगा। इसको आप किस तरह से सोल्व करेंगे।

उसमें हम मनुष्य के रूप में इतने छोटे हैं कि हमारा कोई सिगनीफिकेंस नहीं रहता। यह एक बात आमतौर पर सब लोग कह सकते हैं लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि इसकी वजह से हमारा विघटन हुआ है। हमने अपने इनसान को, अपने आपको, इस जीवन को महत्त्व नहीं दिया, इसको क्षणभंगुर माना है। माना है हालाँकि इसके विपक्ष में आप मुझे सौ किस्म की बात कह देंगे कि ऐसा हम नहीं मानते हैं लेकिन मूल रूप से असर यही हुआ है यह जीवन जीने लायक नहीं है। यह ऐसा क्यों असर हुआ है यह अगर आप बताएँ तो बड़ी कृपा होगी।

डॉ. दयाकृष्ण : इसके पहले हम आगे बढ़ें जो हमने कहने की चेष्टा की थी कि कोई सिद्धांत का प्रतिपादन करने की चेष्टा नहीं थी। वह केवल इस ओर आपका ध्यान आकर्षित करना था कि अनेक ऐसे प्रश्न, ऐसी समस्याएँ भारतीय जन परंपराओं में हैं जिनको लेकर आप आज स्वयं अपनी बुद्धि के अनुसार उन पर कुछ कर सकते हैं, आगे बढ़ा सकते हैं। पहचान कैसे हो रही है? पहचान अन्य क्षेत्रों में होती है लेकिन एक पहचान बौद्धिकता की होती है कि जब आप कहीं चर्चा करते हैं, किसकी चर्चा करते हैं। वह चर्चा की जो एक अनवरत परंपरा होती है उसमें नई चीजें उपस्थित होती हैं लेकिन हम उन्हीं की चर्चा करते हैं। तो चर्चा के विषय और विधाएँ और समस्याएँ और प्रश्न इनकी जो परंपरा है उससे थोड़ा अवगत कराना था। मेरा अपना उस

विषय में कोई विशेष मत नहीं है। अब देखिए जैसे आपका प्रश्न है। मैंने उसमें एक नई बात कहने की कोशिश की है कि पूर्वजन्म का सिद्धांत कर्म के सिद्धांत से कैसे जुड़ता है। वह समस्या उत्पन्न करता है। इस समस्या का कैसे निराकरण होगा जो इन्होंने उठाई है। जैसे कहते हैं कि चुनौती है तो चुनौती का सामना किया जाएगा। देखिए, कार्यकारण का सिद्धांत जो सब लोग स्वीकार करते हैं, जिसके अनुसार जुड़ प्रवृत्ति या सारा जो विषय है उसको हम ज्ञान प्राप्त करना कहते हैं, लेकिन जो आकस्मिकता है वह कार्यकारण सिद्धांत के विरोध में जाती है, कार्यकारण सिद्धांत स्वयं अनेक समस्याएँ उत्पन्न करता है कि अगर कार्यकारण सिद्धांत वास्तव में सही है तो सब कुछ नीयत है। अगर सब कुछ नीयत है तो फिर मनुष्य का स्वातंत्र्य क्या है। तो कहने का अर्थ यह है हम इसलिए कार्यकारण सिद्धांत को छोड़ नहीं देते और आकस्मिकता से उसका विरोध होता है या आज और भी समस्या है जिसको हम अणु का केंद्र कहते हैं, आणविक का केंद्र कहते हैं, वहाँ उस प्रकार से लागू नहीं होता जितना स्थूल जगत में लागू होता है और समाज और राज्य के क्षेत्र में उसका क्या हाल है? लेकिन फिर भी इतनी बातों के होते हुए भी हम कार्यकारण सिद्धांत को त्याग नहीं देते। बल्कि कहते हैं चलो, इसमें कुछ करेंगे। प्रोबेबिलिटी करेंगे, और कुछ करेंगे। इसीलिए जो प्रश्न है, समस्याएँ हैं, उनके सामने जो बाधाएँ उत्पन्न होती हैं, उन बाधाओं को निराकरण करने में फिर नई बाधाएँ उत्पन्न होती हैं, यह परंपरा विचार की बनती है। अब जैसा इन्होंने कहा मैं यह नहीं कह रहा था कि कोई ऐसी विधा नहीं है जिसका स्वयं संशय का निवारण स्वयं प्रमाण शास्त्र का प्रयोजन है। विधा का, हर क्षेत्र का, मैं इस तरफ इशारा कर रहा था। उद्योतकर ने अपनी वार्तिकी में छठी सेंचुरी में यह कहने की कोशिश की थी हर विधा का अपना निश्रेयस होता है, इस विचार में देखिए एक संभावना निहित है जिसको हमारी परंपरा ने बढ़ाया नहीं है। लेकिन हम बढ़ा सकते हैं। आपके सामने, देखिए, हमेशा समस्या होती है कि हर विधा का मनुष्य का जो पुरुषार्थ है या मनुष्य का जो श्रेय है उससे क्या संबंध है। प्रेय और श्रेय से संबंध है, आज भी जो सारा ज्ञान है

वह या तो राज्य शक्ति के संदर्भ में होता है या अर्थ व्यवस्था के संदर्भ में। धन का लाभ होता है या शक्ति का। आप सोचिए, राज्य जो है वह पूँजी देते हैं, विधा के लिए तो उनका एक स्वार्थ होता है। अमेरिका में आप देखिए इतना धन व्यय किया जाता है अन्य राज्यों के बारे में, ज्ञान प्राप्त करने के लिए, आप कभी जो पैंटेगन एस्टाबलिशमेंट की पुस्तकें निकलती हैं अन्य देशों पर उनको पढ़िए तो आपको पता होगा कितना ज्ञान, जिसको आप समझते हैं कि वह निस्वार्थ ज्ञान है, वास्तव में वह ज्ञान एक राज्य की शक्ति फैलाने के संदर्भ में लिया गया है। अंग्रेजों ने इतना ज्ञान प्राप्त किया इस देश के बारे में क्योंकि इस देश पर हुक्म करनी थी। आज हम कहते हैं गजेट से बढ़कर, गजेटियर से बढ़िया कोई चीज नहीं है इंफरमेशन के लिए, लेकिन वह इंफरमेशन क्यों तलाश की गई थी? तो यह पक्ष हमेशा होता है किसी भी चीज का कि वह उसका इंस्ट्रूमेंटल प्रयोग है या इंट्रेजिट प्रयोग। दोनों पक्ष हो सकते हैं क्योंकि यह आपकी चेतना की विधा है। आप पढ़ते क्यों हैं, इसलिए कि नौकरी मिले, इसलिए कि यश लाभ हो, इसलिए कि कुछ और हो। ऐसे भी लोग होते हैं, कम होते हैं जो केवल आनंद के लिए पढ़ते हैं। यह तलाश क्यों होती है कि मेरी खोज पहले मेरे नाम से छपे। इसमें आप देखिए, अगर वास्तव में विज्ञान में किसी भी क्षेत्र में आप ज्ञान की साधना कर रहे हैं तो आपके लिए बिलकुल यह बेकार चीज है कि मैंने पाई या किसी और ने पहले पाई। लेकिन बड़े-बड़े लोग—न्यूटन और लाई—झगड़ा करते हैं कि डिफरेंशल कैलकुलस किसने पाया। कितनी छोटी सी बात है, आम के साथ जुड़ा होता है लेकिन इन्हीं सब स्वार्थों के बीच से कुछ सिद्ध हो रहा है। कुछ खोज होती है वह निस्वार्थ है। आपने जो कहा उसके बारे में मैं यह कहना चाहूँगा कि अगर आपको ऐसा लगता है तो छोड़ दीजिए। कोई मेरा आग्रह नहीं है कि आप परंपरा को पकड़िए, जानिए, आप नहीं जानना चाहते तो मत जानिए, लेकिन मैं समझता हूँ आपने जो बात कही यह एक पश्चिमी विचारकों का आक्षेप है हमारी परंपरा में। आप जरा सोचिए कि तीन हजार साल की परंपरा जिसने इतने समृद्ध राज्य स्थापित किए, आप किसी मंदिर को देखिए, आप हम पर जाइए,

अजंता जाइए, अलोरा जाइए, आपको आश्चर्य नहीं होता कि किन लोगों ने यह चीज बनाई है। आप कोई वैसी चीज बनाकर तो दिखाइए। आपको इस बात पर आश्चर्य नहीं होता कि लोग एक पुस्तक लिखते थे और उसके 10-15-20 साल बाद उस पर टीका वृति लिखी जाती थी। कैसे लिखी जाती थी? आज आप किताब लिखते हैं, मैं किताब लिखता हूँ तो कोई पढ़ता है, कोई इस पर लिखता है? उस जमाने में जब साधन नहीं थे, फैक्स नहीं था, ट्रांसपोर्ट नहीं था तो किस प्रकार से पुस्तकें जानी जाती थीं, उनका मूल्यांकन किया जाता था, उन पर भाष्य लिखे जाते थे। मैं आपको निमंत्रण देता हूँ, कभी बैठकर कोई प्रसिद्ध ग्रंथ लीजिए और फिर देखिए कितने दिन बाद उस पर क्या लिखा गया है, कितना लिखा गया है फिर उस ग्रंथ में परिवर्तन कैसे होता है। आप देखेंगे एक ग्रंथ है उस पर एक प्रसिद्ध भाष्य लिखा जाता है, उस भाष्य पर फिर जो लिखते हैं, जब भी कोई नई चीज लिखते हैं फिर जो आगे लिखनेवाले होते हैं नई चीज पर लिखते हैं, पुरानी चीज पर नहीं लिखते। स्वतंत्र रूप में। कभी-कभी लिखते हैं। तो यह जो परंपरा, मैं आपको बताऊँ उद्यन लिखते हैं उसके बाद गंगेश लिखते हैं। गंगेश के बाद अगर रघुनाथ लिखते हैं तो रघुनाथ पर लिखा जा रहा है। गदाधर लिखते हैं तो गदाधर पर लिखा जा रहा है। इस प्रकार की जो बात है यह सब कैसे होता था। अगर वास्तव में हमारी परंपरा में कोई आकर्षण नहीं था, कोई जागृति नहीं थी, केवल लौटने की बात थी तो यह सब नहीं हो सकता था। आप इसे अलंकार शास्त्र में कभी कश्मीर के अंदर 400 साल, 300 साल में कम-से-कम 15-16 इतने बड़े आउटस्टेडिंग थिंकर्स हुए हैं, एक के बाद एक, एक के बाद एक, एक छोटी सी जगह है, खूबसूरत जगह है, वहाँ इतना हुआ है तो मैं कम-से-कम आपकी बात से सहमत नहीं हूँ लेकिन अगर आपको अच्छा नहीं लगता तो छोड़ दीजिए। हम सब लोग मिलकर कुछ सोचने की कोशिश करें और हम उसे अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़ाएँ तो अच्छा है। यह कहने की कोशिश थी। आप बताइए आप कैसे करेंगे, मेरी बात छोड़िए।

प्रश्न : छोड़ कैसे सकते हैं। मैं यह कह रहा हूँ हमारी जो परंपरा आपने बताई वह परंपरा में ही इस जीवन को बहुत महत्त्व दिया जाता है, ऐसी बात नहीं है कि महत्त्व नहीं देते, लेकिन महत्त्व कम दिया जाता है। दिया गया है। तो परंपरा में ही जो थिंकिंग है, वह थिंकर्ज जो है उन्होंने इस महत्त्व को इधर क्यों नहीं मोड़ा। इन्होंने ईश्वर की तरफ या परम तत्त्व की तरफ ही ज्यादा ध्यान क्यों दिया? उसमें आटोमेटिकली यह जीवन जो है थोड़ा इनसिगनीफिकेंट हो जाता है। यह नहीं कि हम जीते नहीं हैं। हमने बहुत काम किया, जी रहे हैं। लेकिन हम कितने गिर गए और कितने गिरे हुए हैं अभी भी। आप ही कह रहे थे कि हमने देखा ही नहीं है, क्यों नहीं देखा आपने? इसी दर्शन की वजह से नहीं देखा कि इतनी इनफीरियर्टी कांपलेक्स आज हमारे यहाँ है, बौद्धिकों में, हर चीज में है, क्यों है? क्योंकि हम अपने आपको नहीं देखते। हम समझते हैं जीवन जीने लायक नहीं है। जीवन तो अपना जीना ही है।

डॉ. दयाकृष्ण : देखिए, हमारी तस्वीर बनती कैसे है? जिस ओर हमारा ध्यान जाता है वैसी हमारे मन में तस्वीर बनती है, भावना बनती है। हमारी तीन हजार साल की परंपराएँ क्या हैं? इसकी हमने तस्वीर कैसे बनाई है, किसने बनाई है हमारे लिए तस्वीर? वह तस्वीर कुछ लोगों ने बनाई है। वह तस्वीर हमने, जब पढ़ते थे स्कूल में, कालिज में, हमने ग्रंथ पढ़े हैं, हमने सुना है, उससे तस्वीर बनी है। कुछ और पढ़ा है, अधिकतर अंग्रेजी में पढ़ा है। ऐसा है कुछ ही ग्रंथों को पढ़ा है तो एक तस्वीर बनती जाती है और फिर तस्वीर ऐसा लगता है कि यह स्वत: सिद्ध है। मैं यह कहने की चेष्टा कर रहा था कि यह तस्वीर ठीक नहीं है। आप देखिए कि जो बात आप कह रहे हैं उसमें दूसरी या तीसरी ईसा शताब्दी से पहले उसके आसपास समझ लीजिए, स्पष्ट रूप में लिखा गया है कि जो व्यक्ति किसी भी एक पुरुषार्थ की साधना अन्य पुरुषार्थ को छोड़कर करता है वह अपने को ही नष्ट नहीं करता दूसरों को भी नष्ट करता है। आप सोचिए, अर्थ, काम, धर्म और मोक्ष के बारे में यह कहा जा रहा है कि अगर आप मोक्ष की साधना या धर्म की साधना या अर्थ या काम की साधना दूसरे पुरुषार्थों को

छोड़कर करते हैं, उनकी कास्ट पर करते हैं तो आप अपने को ही नष्ट नहीं करते, दूसरों को भी नष्ट करते हैं। यह अर्थशास्त्र में लिखा गया है। राजा के लिए कहा गया है कि जो मुमुक्ष हो उसको कभी मंत्री नहीं बनाना चाहिए। यही नहीं, धर्म में आप देखिए और मैं कहता हूँ तस्वीर बनानी है तो आपने कहाँ फोकस किया है? कोई हम बीसियों फोकस बना सकते हैं आपके लिए कि जो चिंतन है, आपने हरीशचंद्र की कथा सुनी होगी, मार्कंडे पुराण में लिखा है, दूसरे पुराणों में लिखी है, सत्यवादी हरीशचंद्र, कभी आपने सोचा है उसके पीछे, उस कहानी के पीछे एक इतना बड़ा व्यंग्य है सत्य बोलने पर कि वह धर्म का पालन करता है। धर्म का अंत कहाँ होता है? वह अपनी स्त्री को ही नहीं बेचता, अपने बच्चों को ही नहीं बेचता, अपने को ही चंडाल के पास नहीं बेचता बल्कि जब उसकी स्त्री अपने बच्चे का शव लेकर आती है वह पहचान नहीं पाता, वह कहता है कि मैं क्या मनुष्य हूँ, मैं मनुष्य ही नहीं रह गया हूँ। आप सोचिए कि इससे बड़ा व्यंग्य क्या हो सकता है धर्म पर कि धर्म का एक प्रकार से पालन जो है वह मनुष्य को मनुष्यत्व से गिराता है। तो धर्म का पालन इस प्रकार से ठीक नहीं है। इस पर क्या कामेंटरी नहीं की गई है, महाभारत में स्वयं कामेंटरी है, श्री कृष्ण कहते हैं, अर्जुन से कि अर्जुन ने व्रत किया था, युधिष्ठिर उनके बाण की निंदा करते हैं, उसके गांडीव की निंदा करते हैं। वह कहते हैं मैं तो इसको मारूँगा क्योंकि मैंने व्रत लिया है। कृष्ण कहते हैं यह व्रत क्या होता है, व्रत का यह अर्थ होता है? आप पढ़िए तो सही, यहाँ धर्म का अर्थ दूसरा लिया जाता है और स्वयं युधिष्ठिर जो धर्म के पुत्र हैं उनके सामने संजय आते हैं, धृतराष्ट्र से मैसेज लाते हैं और कहते हैं देखो, मेरा पुत्र दुर्योधन है, वह कुपुत्र है, बुरे हैं वह धर्म को नहीं जानते, उनके धर्म के प्रति निष्ठा नहीं है पर तुम तो धर्मराज हो, तुम संन्यास क्यों नहीं लेते? तुम राज्य क्यों चाहते हो, युद्ध क्यों चाहते हो? संन्यास ले लो। युधिष्ठिर कहते हैं कुछ ऐसी परिस्थितियाँ होती हैं जब अधर्म करना ही धर्म होता है और धर्म करना अधर्म होता है। मैं हजारों आपको मिसाल दे सकता हूँ। कहने का सिर्फ अर्थ यह है तस्वीर जो बनी है वह किसी ने बनाई है और वह तस्वीर पश्चिम

के लोगों ने बनाई है। पश्चिम के लोगों ने आपकी तस्वीर नहीं बनाई, चीन की तस्वीर बनाई है, वेस्ट की तस्वीर बनाई, सब की तस्वीर बनाई है। अपने स्वार्थ के लिए वह तस्वीर बनी। उस तस्वीर में यह नहीं है, कुछ सत्य नहीं है, क्योंकि किसी आधार पर तो तस्वीर बनती है लेकिन बयान है, फोकस है, उसका एक रूप है। तो कहने का मेरा अर्थ यह है कि थोड़ा अधिक जानिए, थोड़ा अधिक देखिए। एक ही प्रकार के ग्रंथ नहीं हैं, अगर केवल मोक्ष ग्रंथ ही देखेंगे तो एक तस्वीर बनेगी, जैसे अगर आप काम के ग्रंथ देखेंगे तो दूसरी तस्वीर बनेगी। रसिक का नोशन लीजिए, नागरिक का नोशन लीजिए और भी अनेक देखिए, मैं कह रहा था ग्रंथों को पढ़ा नहीं जाता। आप न्यायसूत्र को लीजिए। वहाँ वेद को माना गया है। वेद के बारे में जो वेद के विरोध में तर्क दिए जाते हैं, उनका खंडन करते हैं। शब्द प्रमाण को मानते हैं। सूत्र के बाद जो कहते हैं वह ऐसा है जैसे कोई नीचे से आपका फर्श, आपका कालीन खींच ले। आप गिर जाएँ तो वह कहते हैं जैसे आयुर्वेद का प्रामाण्य होता है। सोचिए, न्यायसूत्र के रचयिता क्या कह रहा है—श्रुति का प्रामाण्य, वेद का प्रामाण्य, आयुर्वेद का प्रामाण्य जैसा है। आयुर्वेद का प्रामाण्य कैसा होता है, आपको पता है, इससे फायदा नहीं होता, हर बीमारी का इलाज नहीं है। वह प्रामाणिक एक सेंस में है लेकिन उस सेंस में प्रामाणिक नहीं हो सकता जिसमें श्रुति प्राप्ति प्रामाणिक माने जाते हैं। आगे चलते हैं, शब्द के नेतृत्व का खंडन करते हैं। शब्द के अपोपौषत्व का खंडन करते हैं, सारा जो वेद के बारे में कहा गया है कि वह नित्य रूप से सिद्ध है, अपौरुष है, सबका खंडन चलते हैं। वह क्या कर रहे हैं? मैं आपको बहुत सारे उदाहरण दे सकता हूँ लेकिन कहने का अर्थ यह है थोड़ा अधिक जानिए, थोड़ा खुद पढ़िए, फिर अपना खुद मंतव्य बनाइए, अपनी तस्वीर अलग बनाइए। मैं नहीं कहता वही तस्वीर बनाइए जो मैंने बनाई है। पर कम-से-कम वह तस्वीर जो आज हमारे सब के मन में है वह तो बिलकुल गलत है, इतनी गलत है, मेरे पास खुद वह तस्वीर थी, मैं भी आपकी तरह से पढ़ा हूँ, उसी युनिवर्सिटी, कालिजों में पढ़ा हूँ, वही किताबें मैंने पढ़ी हैं, मुझे क्यों आश्चर्य हुआ जब मैंने

यह सब देखा। इसलिए कि मुझे यह लगा यह तस्वीर गलत है। नई तस्वीर बनाना मुश्किल है। मैंने कोशिश की है। आप देखिए, मैंने दो पुस्तकें लिखी हैं। जरा आप इसको देखिए, पढ़िए। एक प्रोबलमेटिक एंड कसेप्युअल स्ट्रक्चर ऑफ क्लासिकल इंडियन थाट एबाउट मैन सोसाइटी एंड पालिटी, दूसरी इंडियन फिलोसिफी इन न्यू अप्रोच। लेकिन वह मेरी तस्वीर है। आप दूसरी तस्वीर बनाइए, लेकिन बनाइए तो सही। फिर हम देखेंगे कि हमारी तस्वीर से आपकी तस्वीर में क्या साम्य है, क्या वैशम्य है, साधारण वैशम्य है, यह करने की कोशिश की थी।

प्रश्न : हमारा हिंदू सिस्टम इज बेस्ड ऑन मोस्टली साइकट्रिक, साइकट्रिक केस प्रोब्लम है। देयर इज कंटराडिक्शन इन एवरी पुराणाज। ह्वाट प्रिंसिपल इज टोल्ड इन फर्स्ट स्टेंजा, इज नोट इन देयर थर्ड स्टेंजा, इट विल अपोज इट, एंटायर कहानी रामायण या महाभारत या किसी हरिशचंद्र में, सारे राजधर्म में एक्चुअली हरिशचंद्र का राजनायक चेक करना है। वह डरकर किया है विश्वामित्र से। इट इज सैड सम। साइकट्रिक में हम लोग बोलते हैं सबसे बड़ा सेडेइज्म। साइकट्रिक पलैजर से ये लोग विश्वामित्र को यह कहते हैं, लेकिन विश्वामित्र कह रहे थे कि वह शूद्र कन्या से शादी करे। देश सारा शूद्र का था उस टाइम। सारा-का-सारा मल्लाह लोगों का था देश। भीष्म ने शादी नहीं की तो भीष्म को इन लोगों ने भगा दिया। बिकाज मल्लाह का राज था। गंगा नदी के पास सारे मल्लाह लोग थे। इन लोगों ने क्या किया कि शादी करने के बाद इन लोगों का आदमी राजा बनता और वह सही था। राजा की बात आती है तो वे लोग हराकर कब्जा कर सकते थे। जीत सकते थे। राजधर्म में ऐसा है। सीता को रावण ले गया। वह उसका राजधर्म था। उनकी टेरेटरी में ये लोग गए। वन सुंदरी को लेकर। एक दुश्मन राजा की टेरेटरी में एंटर करने से राजा का हक बनता है सारी औरत पर। ऐसा पुराण में लिखा हुआ है। सो एवरी राजा केन टेक एनी बाडी एंड हिज सुप्रीम कोर्ट नो बाडी केन एपील अगेंस्ट दिस डिसीजन। जैसा कल बताया वही रहा है सो रावण की गलती क्या थी। वन सुंदरी के साथ शादी करने के बाद राम क्षत्रिय होने से

उनकी इज्जत रखते हैं या जनक के घर जाते हैं। जाकर युद्ध करना था, फाइट करना था। फाइट करके हरा सकते थे। नहीं तो उसी जगह यह कहना है। वह कहते हैं पिता जी के वचन का पालन किया था राम ने। पिता जी ने नहीं भगाया इनको। ही हिमसेल्फ हैज गोन सो इन पर पिता जी की जिम्मेदारी कहाँ थी? पिता जी का पालन कहाँ था? राजधर्म था। राज को रखना है। तो राजधर्म कहाँ है? पुराण की बात कर रहा हूँ। सो इसमें कंटराडिक्शन है हर जगह में। माया है हर चीज में। आप आए हैं अकेले, जा रहे हैं अकेले। सुख में सब साथी, दुख में न कोई। इसी तरह से यह करके आदमी को आदमी से इसी माया, मिथ्या सिस्टम ने अलग कर दिया है। अकेले जीना, अकेले मर जाना। मतलब कि परिवार को, बाल-बच्चों को, बीबी को सबको छोड़ देना, वीमैंन राइट्स, सारा वेस्टर्न सिस्टम हर जगह दुनिया में बढ़ रहा है। उन्हीं से हम लोग हार गए। मुसलमान लोग भी आए। 1200 साल मुसलमान लोगों ने राज किया क्योंकि हम लोग इस सिस्टम के बारे में है जैसे वह धर्म का कहाँ पालन कर रहा है? जाति बना दी। इस जाति से हजारों बनाकर इट इज नो डिस्पिलन, जाति को कंट्रोल करनेवाला कोई नहीं है। वह जाति भी पहले थी। कोई भी विद्वान आदमी किसी में भी पैदा होता था उसको ब्राह्मण बनाना था। यह वर्णाश्रम सिस्टम में आया। वर्ण का मतलब कलर से है। कलर इज सब-डिवाइडिड। चातुरवर्णय...गीता में बोलते हैं कृष्ण। हट इज नोट चातुर्य वर्णम। इट इज सेवन कलर्स। इवन कृष्णा वाज आल्सो रोंग।

डॉ. दयाकृष्ण : यह सब ठीक है। लेकिन जो हम कहने की चेष्टा कर रहे हैं इसका इससे संबंध सीधा नहीं है। बात यह है अगर आपको लगता है, हम यह नहीं कह रहे हैं, पीछे जो कुछ लिखा गया था वह ठीक है। हम तो कहते हैं आप उसमें जो प्रत्यय जगत है उससे परिचित हों और उसमें जो आपको अपूर्णता लगे, जो मिथ्या लगे उसको हटाइए। धर्म का प्रत्यय लेकर आप आज के संदर्भ में क्यों नहीं सोचते?

प्रश्न : आप जैसे लोग दे डांट एलाऊ, बीजेपी हमारी संस्कृति बोलता है और कांग्रेस भी वही इस्तेमाल करती है और हरेक वही इस्तेमाल करता है।

डॉ. दयाकृष्ण : अगर आपको नहीं करना है तो मत करिए। हम यह थोड़े ही कह रहे हैं कि आप करिए, मत करिए। यह बड़ी अजीब बात है। अगर आपकी इच्छा नहीं है, रुचि नहीं है, आपकी निष्ठा नहीं है, मत करिए। जो आपकी इच्छा, रुचि, निष्ठा है वह तो करिए। हम केवल इतना कह रहे हैं जिस चीज पर धर्म के प्रत्यय पर विचार हुआ है वह विचार लंबा है, कम-से-कम उसकी ढाई हजार साल की कहानी है। आप आज उस ढाई हजार साल की कहानी को आगे बढ़ाइए। आप कहिए यह विचार गलत था। मनु कहते हैं धर्म के क्या स्रोत हैं? मीमांसा में कहा गया है धर्म का ज्ञान प्रत्यक्ष और अनुमान से नहीं हो सकता। आज का विचारक पश्चिम का कहता है—ऑन आट स्टेटमैंट केन नोट बी डिराइव्ड फ्रीम हिज स्टेटमेंट। तो आप उसकी तारीफ करते हैं। इसमें जेमिनी के रचयिता नहीं है। मीमांसा सूत्र में कहा जाता है तो यह अल्ट्रा मॉडर्न बात नहीं है। अगर प्रत्यक्ष रूप था तो प्रत्यक्ष और अनुमान के द्वारा जो जाना जा सकता है वह ओट नहीं दे सकता, वह यह देख सकता कि कर्तव्यता वह केवल यह कह सकता है कि यह है फिर आप देखिए धर्म का ज्ञान कैसे होता है। इसके बारे में अभी आज की 100 साल की परंपरा में मूढ़ जैसा प्रसिद्ध चिंतक कहता है गुड क्या है। गुड का ज्ञान एक इंट्यूशन से होता है, इंट्यूटिव फेकल्टी है, परसेप्शन रीजन से नहीं होता है। फिर कहते हैं आपके यहाँ क्या किया गया, श्रुति से होता है। श्रुति का क्या मतलब? फिर कहा गया कि खाली श्रुति से नहीं होता, श्रुति, स्मृति, सदाचार, आत्मतुष्टि इसका क्या अर्थ हैं? इसके बीसियों अर्थ है। आप अपना अर्थ लगाइए। श्रुति माने, कोई सुनते हैं आप, कोई कहता है ऐसा करो। बच्चे को बड़े लोग यह कहते रहते हैं कि यह करो, यह मत करो। आपके मन में यह कैसे उत्पन्न होता है कि यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए, क्योंकि किसी ने आपसे कहा है। वह क्यों कहता है क्योंकि उसने किसी और से सुना है। उसने किसी और से सुना है। यह परंपरा अनंत है, अनादि है क्योंकि इसका अर्थ हम पता नहीं लगा सकते। फिर स्मृति है। आपके मन में बैठ गया, इंटरलाइज हो गया। आज उसको सोशलाइजेशन कहते हैं, इंटरलाइजेशन कहते हैं, कल्चररेशन कहते

हैं। आपको लगता है कितना मॉडर्न है, रीसेंट है। वह सब कहता है स्मृति तो आपको लगती है दकियानूसी। क्या फर्क है? वही जो आपसे किसी ने कहा था जो उसने किसी अन्य से सुना था, जो एक परंपरा सुनने की है कि ऐसा करो, ऐसा मत करो। विधि निषेध धर्म है तो वह आपके अंदर में बैठता है, स्मृति होती है। फिर क्या, बट यू मस्ट सी एक्जेम्लीफाइड। खाली स्मृति में उसका कोई मॉडर्न होना चाहिए। आजकल आपको कहता है, बड़ी रीसेंट थिंकिंग कहता है एक्जेम्पलर्स, तो आप लुब्ध हो जाते हैं। आप कहते हैं, वाह-वाह, क्या नई चीज पैदा की है, एक्जेम्पलर होना चाहिए। वह कहता है सदाचार। वह यही कह रहा है एक्जेम्पलर होना चाहिए। हम कहते हैं धर्म भरत का भाई होता है, सीता... हमको पसंद नहीं है, सीता का आइडिया छोड़ दीजिए, द्रोपदी जैसी होनी चाहिए, नहीं होनी चाहिए, कोई और होनी चाहिए। कौन मना करता है आपको। परंपरा ने कभी किसी को स्वीकार नहीं किया। जरा देखिए मॉडल बनाए हैं। फिर वह कहता है, नहीं, लेकिन परखोगे तो अपनी आत्मतुष्टि, जब तक आपकी सेल्फ फुलफिल नहीं होगी तब तक धर्म का ज्ञान नहीं होता। फिर क्या करेंगे? आप आचरण करेंगे। फिर उस आचरण में देखेंगे वास्तव में यह धर्म है या नहीं। धर्म की खोज उतनी ही अनंत है, उससे भी ज्यादा कठिन है जो ज्ञान के अन्य क्षेत्रों में होती है। तो कोई आपसे यह नहीं कह रहा कि जो चिंतन हुआ है धर्म पर या सौंदर्य बोध पर या सत्य पर या किसी भी अन्य क्षेत्र में, राजनीति के क्षेत्र में, व्यवहार के क्षेत्र में, उसको आप स्वीकार कीजिए। हम तो यह कह रहे हैं उसमें दोष निकालिए। हम तो यह कह रहे हैं उसकी अपूर्णता देखिए। हम यह कहते हैं फिर उस अपूर्णता को कैसे आप परिष्कार करेंगे?

